राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 29
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 29 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 बैग में 25 साल की लड़की का शव मिला

पेज 4 नोवल शुगर मिल में गार्डों की दबंगई

पेज 6 केन्द्रीय अनुबंध में शुभमन को मिल सकता है प्रमोशन, विराट और

## संक्षिप्त खबरें

### चेन्नई एयरपोर्ट पर टीवीके चीफ विजय से धक्का-मुक्की, कार में जाने के दौरान गिर पड़े

तमिलनाडु के चेन्नई एयरपोर्ट पर तमिलगा वेत्री कझगम के चीफ और एक्टर विजय के साथ भीड़ ने धक्का मुक्की की। एक्टर कार में बैठते समय फिसलकर गिर पड़े। घटना तब हुई तब विजय मलेशिया से लौटने के बाद एयरपोर्ट के एग्जिट एरिया की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान उनके आसपास भारी भीड़ थी। कार में बैठने से ठीक पहले भीड़ बढ़ने पर उनका संतुलन बिगड़ा और वे गिर गए। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला और कार में बैठने में मदद की। विजय मलेशिया में अपनी फिल्म 'जननायकन' के ऑडियो लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यह फिल्म उनकी आखिरी फिल्म होगी।

### असम के हिंसा प्रभावित जिलों में स्थिति में सुधार, मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल

**नई दिल्ली।** असम के हिंसा प्रभावित कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के बाद रविवार को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के आदेश में कहा गया कि 23 दिसंबर को निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवाएं तुरंत प्रभाव से बहाल कर दी गई हैं। दोनों जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य हुई है। अधिकारी ने बताया कि दोनों जिलों में कड़ी सुरक्षा निगरानी जारी है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने पनडुब्बी आईएनएस वाघषीर में यात्रा की

## ऐसा करने वाली दूसरी प्रेसिडेंट; इससे पहले डॉ. कलाम सबमरीन में बैठे थे

**कारवाड़।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कर्नाटक के कारवाड़ नेवल बेस पर पनडुब्बी (सबमरीन) में यात्रा की।

कलवरी क्लास की सबमरीन आईएनएस वाघषीर में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी राष्ट्रपति के साथ थे।



राष्ट्रपति मुर्मू की कलवरी क्लास सबमरीन में यह पहली और किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, जिन्होंने सबमरीन में यात्रा की थी। कलाम ने फरवरी 2006 में पनडुब्बी यात्रा की थी। राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में पहुंचीं। पी 75 स्कॉर्पीन प्रोजेक्ट की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाघषीर को जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।

### लड़ाकू विमानों में भी उड़ान भर चुकीं राष्ट्रपति

द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति भी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 29 अक्टूबर को अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से राफेल में उड़ान भरी थी। उनके विमान की पायलट स्क्वॉड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं। उससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने 7 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में उड़ान भरी थी। मुर्मू सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल ने भी सुखोई में उड़ान भरी थी।

# आरएसएस की तारीफ पर दिग्विजय सिंह को राहुल का तंज

## बोले- आपने गलत किया; पूर्व सीएम ने मोदी की जमीन पर बैठे तस्वीर शेयर की थी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को आरएसएस और भाजपा की तारीफ को लेकर तंज कसा। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान दोनों नेता आमने-सामने हुए। दिग्विजय सिंह से हाथ मिलाते समय राहुल गांधी ने उन्हें मजाकिया लहजे में कहा, कल आपने गलत व्यवहार कर दिया। यह सुनकर आसपास मौजूद नेताओं की हंसी छूट गई। वहां सोनिया गांधी भी मौजूद थीं। वे भी हंसने लगीं। फिर राहुल और दिग्विजय के बीच थोड़ी देर बातचीत हुई। दरअसल, दिग्विजय सिंह ने 27 दिसंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए आरएसएस और बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे की सराहना की थी।

## विरोध प्रदर्शन



ऋषिकेश में सरकारी वन भूमि के पट्टे की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सर्वेक्षण दल के पहुंचने पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### जम्मू-कश्मीर में बड़े आंदोलन का अल्टिमेटम

जम्मू कश्मीर में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ छात्रों के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और नेशनल कांफ्रेंस के सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती, श्रीनगर से लोकसभा सदस्य रुहुल्लाह मेहदी, पीडीपी नेता वहीद पारा और श्रीनगर के पूर्व महापौर जुनैद मट्टू को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है प्रशासन ने कदम इन नेताओं द्वारा उन छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त प्रकट किए जाने के बाद उठाया, जिन्होंने रविवार को गुपकर रोड पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा इस मुद्दे के समाधान के लिए एक समिति गठित किए जाने के एक साल पूरे होने के बावजूद कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकलने पर छात्रों की ओर से आयोजित मार्च में शामिल होने की मंशा जताई थी इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए पारा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेताओं को घर में नजरबंद कर दिया गया है ताकि वे विरोध कर रहे छात्रों के साथ एकजुटता न प्रकट कर सकें।

# उन्नाव रेप पीड़ित और कुलदीप सेंगर समर्थकों में झड़प

## दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे, पीड़ित बोली- गवाहों की सुरक्षा हटाई गई




**उन्नाव।** उन्नाव रेप केस में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर की सजा सस्पेंड होने के विरोध में जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन में हंगामा हो गया। सेंगर के समर्थन में पुरुष आयोग नाम के संगठन के लोग रविवार को जंतर-मंतर पहुंचे और नारेबाजी करने लगे।

उनके हाथ में आई सपोर्ट कुलदीप सेंगर का बैनर था। पीड़ित के पक्ष में प्रदर्शन कर रहीं योगिता भयाना ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में जमकर नारेबाजी और झड़प हो गई। प्रदर्शन में शामिल रेप पीड़ित ने कहा कि हमारे पारिवारिक सदस्यों और गवाहों की सुरक्षा हटा दी गई है।

उधर, धरने पर बैठी उन्नाव रेप पीड़ित की तबीयत अचानक खराब हो गई।

यह बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर योगिता भयाना ने वीडियो शेयर करते हुई कही। इसमें योगिता ने लिखा- लगातार मानसिक दबाव और न्याय में देरी अब उसके स्वास्थ्य पर भी असर डाल रही है।

### पीड़ित ने कहा- मुझे सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है



इस पर पीड़ित ने कहा- मुझे सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है कि वह इंसाफ देगा। मैं हर महिला की आवाज उठा रही हूं। अगर सीबीआई ने यह पहले किया होता, तो मुझे इंसाफ मिल गया होता। उसकी (कुलदीप सेंगर की) जमानत खारिज हो जाती, क्योंकि उसने मेरा रेप किया था। मेरे पिता को मार दिया गया। मेरे परिवार के सदस्यों को मार दिया गया। मेरे परिवार के सदस्यों और गवाहों की सुरक्षा हटा दी गई। मेरे पति को नौकरी से निकाल दिया गया। मेरे बच्चे घर पर सुरक्षित नहीं हैं।

साथ ही योगिता भयाना ने कहा- हम चाहते हैं कि कुलदीप सिंह सेंगर के मामले में जो सुनवाई हुई है, उसे खारिज किया जाए। ये बच्ची यहां आना चाहती थी, इसलिए हम उसके समर्थन में यहां आए हैं। इस बच्ची की कानूनी लड़ाई अच्छे से नहीं लड़ी गई है।

# अरावली विवाद; सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया, आज सुनवाई

## 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियों को अरावली माना जाए, इसी फैसले का विरोध हो रहा

जयपुर। अरावली पर्वतमाला को लेकर उठा विवाद एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दरअसल, जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की नई परिभाषा का विरोध हो रहा है।

अब इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की वैकेशन बेंच सोमवार को सुनवाई करेगी। बेंच में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी होंगे। सीजेआई के वैकेशन कोर्ट में यह मामला पांचवें नंबर पर लिस्टेड है। अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट की इस सुनवाई पर टिकी हैं, जहां केंद्र और राज्य सरकारों को नए निर्देश जारी किए जा सकते हैं।

### क्या है अरावली विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर 2025 को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की समिति की सिफारिश स्वीकार की, जिसमें 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली के रूप में मान्यता देने की बात कही गई। इससे पहले 1985 से चले आ रहे गोदावर्मन और एमसी मेहता मामले में अरावली को व्यापक संरक्षण मिला हुआ था। नए फैसले के बाद राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पर्यावरण कार्यकर्ता इसे इकोलॉजिकल आपदा बता रहे हैं। पर्यावरणविदों और विपक्षी दलों के नेताओं ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाए।

पर्यावरणविदों का तर्क है कि अरावली रेंज में 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों में खनन की मंजूरी मिलने से इन पर्वतमालाओं के अस्तित्व खत्म होने का खतरा पैदा हो गया है। वहीं, केंद्र का कहना है कि यह गलतफहमी है और संरक्षण बरकरार रहेगा।





## हैप्पी मॉर्निंग

एक सहेली ने दूसरी सहेली से कहा - मेरे पति मुझे बहुत प्यार करते हैं, कहते हैं कि तुम ही सात जन्मों तक मेरी पत्नी रहो।
दूसरी सहेली बोली- ये मर्द ऐसे ही होते हैं, सातवें जन्म से आगे के लिए किसी और को बोल रखा होगा...!!!



## शायरी

लेकर झंडा ज्ञान का, हर प्लेटफॉर्म तक जाएंगे।
जब चुनाव आएगा, तो अनपढ़ नेता जीतायेंगे।।

# जमुई में सीमेंट लदी मालगाड़ी नदी में गिरी

## 30 मिनट पहले गुजरी थी पूर्वांचल एक्सप्रेस; पटना-हावड़ा रूट 10 घंटे से प्रभावित, 9 ट्रेन डायवर्ट, 1 कैंसिल

**जमुई।** बिहार के जमुई में सीमेंट लदी एक मालगाड़ी अचानक डिरेल हो गई।

आसनसोल की ओर से झाझा जा रही अपलाइन मालगाड़ी के कुल 15 डिब्बे पटरी से उतर गए। इनमें से 10 डिब्बे रेलवे ब्रिज पर ही पलट गए, जबकि 5 डिब्बे नीचे बरुआ नदी में जा गिरी।



हादसा पूर्व रेलवे के आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत जसीडीह-झाझा रेलखंड पर शनिवार बरुआ नदी पर बने रेलवे ब्रिज संख्या 676 के पास रात करीब 11: 40 बजे हुआ। हादसे के बाद पटना से हावड़ा जाने वाली रेल रूट करीब 10 घंटे से प्रभावित है।

मुजफ्फरपुर से हावड़ा जाने वाली बाघ एक्सप्रेस को 16 स्टेशनों पर कैंसिल कर दिया गया है।

9 ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है जबकि पटना-देवघर(63210) पैसेंजर को कैंसिल कर दिया गया है। 30 मिनट पहले इसी ट्रैक से पूर्वांचल एक्सप्रेस गुजरी थी। ये ट्रेन गोरखपुर से कोलकाता जाता है।

आसपास के लोगों का कहना है, अप लाइन से आ रही मालगाड़ी जैसे ही पुल के पास पहुंची, अचानक पटरी उखड़ गई। हादसे के बाद 3 डिब्बे सीधे बरुआ नदी में गिर गए, जबकि दो डिब्बे पुल पर लटकते रहे। करीब 6 से अधिक डिब्बे पटरी से उतर गए और एक-दूसरे पर चढ़ गए।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि अप लाइन की पटरी उखड़कर डाउन लाइन में जा सिमटी। हालांकि, रेलवे ने अभी कारणों का जिक्र नहीं किया है। बोगियों को पटरी से हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है।

# यूपी में 12वीं तक स्कूल एक जनवरी तक बंद रहेंगे

## 45 शहरों में धूप नहीं निकली; अगले 3 दिन तक भयंकर ठंड पड़ेगी

उत्तर प्रदेश। यूपी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रविवार को आगरा, गोरखपुर, कानपुर समेत 45 जिले घने कोहरे की चपेट रहे। 18 जिलों में कोहरा इस कदर था कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। विजिबिलिटी शून्य पहुंच गई हैं।

लखनऊ में धूप नहीं निकली। भयंकर ठंड के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। ओस की बूंदें बारिश जैसी पड़ रही थीं। गोरखपुर-बलिया में सुबह सड़क और फर्श भीगी नजर आई। आगरा में कोहरे में ताजमहल छिप गया।




मेरठ सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का पारा 5.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गोरखपुर, जालौन, वाराणसी रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें 2 से 10 घंटे की देरी से पहुंचीं। गोरखपुर एयरपोर्ट पर 4 फ्लाइट लेट आईं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में नर्सरी से 12वीं तक सभी स्कूल-कॉलेज एक जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले 13 जिलों के डीएम ने 31 दिसंबर तक स्कूलों की छुट्टी बढ़ाई थी।

मौसम विभाग ने 2-3 दिनों तक भयंकर ठंड की चेतावनी जारी की है। बताया- सोमवार को लखनऊ-वाराणसी और प्रयागराज समेत 38 जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। जबकि 37 जिलों में बहुत अधिक घना कोहरा रहेगा। लोगों को बेवजह यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। बुलंदशहर में कोहरे के चलते ब्रेजा कार सड़क किनारे लगे नल से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। सेना के जवान ने कूदकर अपनी जान बचाई। थोड़ी देर में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई।

रविवार को 30 जिलों में कोहरे का ऑरेंज और 24 जिलों में यलो अलर्ट था। शनिवार को कोहरे के चलते 5 सड़क हादसे हुए, जिनमें 30 गाड़ियां टकराईं।

करीब 15 लोग घायल हुए। प्रदेश में बीते एक हफ्ते में ठंड की वजह से पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,041.45
-367.25 (0.43%)
निफ्टी:
26,042.30
-99.80

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : 19 डिग्री से0 | |
| न्यूनतम | : 07 डिग्री से0 | |
| सूर्योदय | मंगलवार | : 7 : 23 |
| सूर्यास्त | सोमवार | : 5 : 39 |

# गुरुग्राम में सस्ते लग्जरी फ्लैट्स का झांसा, 200 करोड़ ठगे

## बैंक नीलामी के नकली डॉक्यूमेंट दिखाते, मास्टरमाइंड पर 16 केस



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में अल्ट्रा प्रीमियम कैमेलियाज सोसाइटी और एंबियंस मॉल में सस्ते फ्लैट दिलाने का लालच देकर ठगने वाले गिरोह ने दिल्ली से लेकर गोवा तक जाल फैला रखा था। यह बैंक के नकली नीलामी डॉक्यूमेंट्स दिखाकर बाजार से कम कीमत पर प्रॉपर्टी दिलाने का झांसा देते थे। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को अरेस्ट किया है।

इनका नेटवर्क दिल्ली-एनसीआर से शुरू होकर उत्तर से दक्षिण तक फैला था। मास्टरमाइंड मोहित गोगिया और उसके साथी साजिशकर्ता राम सिंह उर्फ बाबाजी के खिलाफ दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश, गोवा और चंडीगढ़ में कुल 16 मामले दर्ज हैं। इसी मोडस आपरेंडी से सिंडिकेट ने 200 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की। ठगे गए पैसे को कई बैंक खातों और बाबाजी फाइनेंस फर्म के माध्यम से उच्च ब्याज पर घुमाया जाता था।

## झुग्गी वाला करोड़पति

### रेहड़ी से 150 करोड़ की प्रॉपर्टी बनाई, रेवाड़ी-गुरुग्राम में भी ठगी; बीएमडब्लू-मर्सिडीज भी मिलीं

# चंडीगढ़ के झुग्गी वाले करोड़पति पर ईडी की चार्जशीट

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में झुग्गी से करोड़पति बने फाइनेंसर और प्रॉपर्टी डीलर रामलाल चौधरी पर ईडी ने शिकंजा कस दिया है। ईडी ने रामलाल और उसके बेटे अमित कुमार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में चंडीगढ़ जिला अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

अदालत ने दोनों आरोपियों को पेश होने के लिए नोटिस जारी कर दिए हैं। चंडीगढ़ में ईडी की स्पेशल कोर्ट में इस मामले की सुनवाई 6 फरवरी से शुरू होगी। बता दें कि रामलाल चौधरी चार साल पहले उस समय सुर्खियों में आया था, जब चंडीगढ़ पुलिस ने उसे करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के 2 बड़े मामलों में गिरफ्तार किया था।



इन मामलों के सामने आने के बाद ईडी ने उसके खिलाफ जांच शुरू की थी। करीब तीन साल तक चली जांच के बाद अब ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है। सूत्रों के मुताबिक, रामलाल चौधरी ने पिछले कुछ वर्षों में अवैध तरीकों से 150 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति बनाई। इस दौरान उसने गुरुग्राम के कारोबारी और रेवाड़ी के रिटायर्ड अफसर से भी करोड़ों की ठगी मारी। पुलिस कार्रवाई के दौरान उसके पास से बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी लग्जरी गाड़ियां भी बरामद हुई थीं। ईडी अब उसकी सभी चल-अचल संपत्तियों की जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी संपत्ति किस तरह अर्जित की गई।

### यहां जानिए कैसे रामलाल बना 150 करोड़ की संपत्ति का मालिक...

**मजदूरी करता था, 1976 में चंडीगढ़ आया :** पुलिस के मुताबिक, करीब पांच दशक पहले रामलाल चौधरी मजदूरी किया करता था। वह वर्ष 1976 में चंडीगढ़ आया और रामदरबार कॉलोनी की झुग्गी में रहने लगा। शुरुआत में वह छोटे-मोटे काम और रेहड़ी लगाकर गुजर-बसर करता था। धीरे-धीरे उसने पुलिस और नेताओं से संबंध बनाए और फाइनेंस के काम में उतर गया।

**पुलिस और नेताओं से नजदीकी का उठाया फायदा :** ईडी की जांच में सामने आया है कि रामलाल लोगों को पुलिस और प्रशासनिक मामलों में राहत दिलाने का लालच देकर मोटी रकम वसूलता था। सूत्रों के मुताबिक, पुलिसकर्मियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग तक में उसकी भूमिका बताई जाती रही। इसी नेटवर्क के जरिए उसने करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की।

# संपादकीय

## उन्नाव गैंगरेप मामला : कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत- लोकतंत्र की हत्या?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

उन्नाव गैंगरेप कांड भारत की न्याय व्यवस्था, सत्ता की संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर एक गहरा और डरावना प्रश्नचिह्न है। यह केवल एक आपराधिक मामला नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का आईना है जिसमें ताक़तवर अक्सर कानून से ऊपर खड़े दिखाई देते हैं।

यह मामला 2017 का है, जब उत्तर प्रदेश के उन्नाव ज़िले में एक नाबालिग लड़की ने तत्कालीन भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर गैंगरेप का आरोप लगाया। सत्ता और रसूख का ऐसा दबदबा था कि शुरुआती दौर में पुलिस ने शिकायत तक दर्ज नहीं की।

अप्रैल 2018 में पीड़िता के पिता को सेंगर के भाई और समर्थकों ने बेरहमी से पीटा। कुछ ही घंटों बाद उनकी पुलिस हिरासत में मौत हो गई। यह केवल एक मौत नहीं थी—यह पीड़िता और उसके परिवार को चुप कराने की साज़िश थी। जब न्याय के सारे दरवाज़े बंद दिखे, तो पीड़िता ने योगी आदित्यनाथ के आवास के बाहर आत्मदाह की कोशिश की। यही वह क्षण था, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया।

### न्याय की एक किरण, फिर गहरी निराशा

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया और ट्रायल लखनऊ से दिल्ली स्थानांतरित हुआ।

दिसंबर 2019 में दिल्ली की विशेष अदालत ने सेंगर को बलात्कार के मामले में उम्रकैद और 25 लाख रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई।

मार्च 2020 में पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में उन्हें 10 साल की अतिरिक्त सज़ा भी दी गई।

इतना ही नहीं, 2019 में पीड़िता की कार दुर्घटना में उनकी चाची और मौसी की मौत हुई—जिसमें भी सेंगर की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगे। यह पूरा घटनाक्रम सत्ता, हिंसा और भय का संगठित तंत्र दिखाता है।

### 23 दिसंबर 2025 : न्याय पर नया आघात

23 दिसंबर 2025 को दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने सेंगर की उम्रकैद की सज़ा निलंबित करते हुए उन्हें सशर्त जमानत दे दी। तर्क दिया गया कि उन्होंने 7 साल 5 महीने जेल में काट लिए हैं और पीओसीएसओ की कुछ धाराएँ लागू नहीं होतीं।

### शर्तें काग़ज़ पर सख़्त हैं—

- 15 लाख का बॉन्ड
- पीड़िता के घर से 5 किमी दूर रहना
- दिल्ली में ही निवास
- हर सोमवार पुलिस के सामने हाज़िरी
- उल्लंघन पर जमानत रद्द

हालाँकि पिता की मौत वाले मामले में 10 साल की सज़ा बरकरार है, इसलिए सेंगर अभी जेल में हैं। लेकिन सवाल यह है—क्या यह राहत भविष्य का संकेत नहीं है?

### पीड़िता का डर, समाज की शर्म

पीड़िता ने इस फैसले को अपने परिवार के लिए 'काल' बताया। उनकी माँ और बहन ने इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया, जहाँ पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। पीड़िता ने सीबीआई के जांच अधिकारी पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए एफआईआर की मांग की।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे गैंगरेप पीड़िता के साथ अन्याय बताया। देशभर में महिलाओं के प्रदर्शन यह दर्शाते हैं कि यह फैसला केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की चेतना को चोट पहुँचाने वाला है।

### अब नज़र सुप्रीम कोर्ट पर

26 दिसंबर को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी। 29 दिसंबर को तीन जजों की बेंच इस पर सुनवाई करेगी। पीड़िता और देश—दोनों को उम्मीद है कि यहाँ से न्याय की दिशा बदलेगी।


### लोकतंत्र के कटघरे में खड़ा सवाल

**यह मामला हमें मजबूर करता है पूछने पर—**

- क्या सत्ता के पास पहुँच होना अपराध को हल्का बना देता है?
- क्या महिलाओं की सुरक्षा केवल भाषणों और नारों तक सीमित है?
- क्या दोषी को राहत देना लोकतंत्र की आत्मा पर हमला नहीं है?


लोकतंत्र में न्याय का अर्थ बराबरी है। लेकिन उन्नाव मामला दिखाता है कि जब अपराधी ताक़तवर हो, तो कानून लड़खड़ा जाता है। यह लड़ाई सिर्फ एक पीड़िता की नहीं—यह महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और संविधान पर भरोसे की लड़ाई है।

अब निर्णय सुप्रीम कोर्ट के हाथ में है। सवाल सिर्फ यह नहीं कि सेंगर को जमानत मिले या नहीं—सवाल यह है कि भारत का लोकतंत्र पीड़ित के साथ खड़ा होगा या सत्ता के साथ।




# सिडनी हमले से विश्व में और बढ़ेंगी मुसलमानों की मुसीबतें

योगेंद्र योगी



इसी तरह फरवरी 22, 2025 को मुलहौज (फ्रांस) एक व्यक्ति ने बाजार में चाकू और पेचकस से हमला किया, जिसमें 1 व्यक्ति मारा गया और कई घायल हुए। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इसे इस्लामिक चरमपंथ से प्रेरित बताया था। भारत के पहलगाम में हुआ हमला भी इस्लामिक चरमपंथी आतंकवाद का ही उदाहरण था।

मुस्लिम आतंकियों के हमलों और कट्टरपंथ सोच के कारण विश्व के कई देशों में भारी विरोध का सामना कर रहे मुस्लिमों की मुसीबतें आस्ट्रेलिया के सिडनी में हुए आतंकी हमले के बाद और बढ़ेंगी। ऑस्ट्रेलिया में जिस तरह से हनुक्का का त्यौहार मना रहे यहूदियों पर चरमपंथी आतंकवाद के नाम पर गोलियां चलाई गईं। ऐसे हमले पूर्व में युरोपीय और दूसरे देशों में हो चुके हैं। न्यू ऑरलियन्स (यूएसए) में जनवरी 1, 2025 को एक व्यक्ति ने ट्रक को पैदल चल रहे लोगों पर चढ़ा दिया और फिर पुलिस से गोलीबारी की। अमरीकी संघीय जांच एजेंसी के मुताबिक यह हमला वैश्विक इस्लामिक आतंकी संगठन आईएसआईएस की प्रेरणा से हुआ था।

इसी तरह फरवरी 22, 2025 को मुलहौज (फ्रांस) एक व्यक्ति ने बाजार में चाकू और पेचकस से हमला किया, जिसमें 1 व्यक्ति मारा गया और कई घायल हुए। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इसे इस्लामिक चरमपंथ से प्रेरित बताया था। भारत के पहलगाम में हुआ हमला भी इस्लामिक चरमपंथी आतंकवाद का ही उदाहरण था। यहां 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने लोगों से उनके धर्म पूछ-पूछकर उन्हें गोली मारी और सीधा प्रधानमंत्री का नाम लेकर चुनौती दे रहे थे। इस समय यूरोप और पश्चिमी देशों ने निंदा तो की थी लेकिन इस्लामिक आतंकवाद का नाम नहीं लिया था। हालांकि अब यूरोप और अन्य पश्चिमी देशों लोन वुल्फ हमले बढ़ रहे हैं, तो उन्हें ये दर्द समझ आ रहा है।

यूरोप में (रूस को छोड़कर), 1979 से अब तक 209 हमले हुए हैं और 802 लोगों की मौत हुई है। इसी अवधि में सबसे बुरी तरह प्रभावित यूरोपीय देश फ्रांस में 85 इस्लामी आतंकवादी हमले हुए हैं, जिनमें 334 लोगों की मौत हुई है। फ्रांस के अलावा, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया-हर्जेगोविना, बुल्गारिया, क्रोएशिया, साइप्रस, डेनमार्क, फिनलैंड, जर्मनी, ग्रीस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड और यूनाइटेड किंगडम भी प्रभावित हुए हैं। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी देशों में घातक हमलों की संख्या 2017 के बाद सबसे अधिक दर्ज की गई। इनमें ज्यादातर लोन वुल्फ (अकेले) हमलावर ही थे। 7 अक्टूबर, 2024 का हमला और बॉन्डी बीच का हमला विशुद्ध तौर पर यहूदियों को निशाना बनाकर किया गया। ऐसे में यूरोप को समझ में आ गया है कि ये किसी एक-दो देश की नहीं बल्कि एक विचारधारा से निपटने की लड़ाई है, जिसके लिए साथ आना ही होगा।

फ़्रांस, जर्मनी, बेल्जियम जैसे देशों में इस्लामिक तत्व हर दूसरे दिन किसी ना किसी बात पर प्रतिकार या दंगे करने लगे हैं। फुटबॉल वर्ल्ड कप मोरक्को जीता तो दंगा हुआ पेरिस में, मोरक्को हारा तो पेरिस जला, जब फ़्रांस फाइनल में हारा तब भी पेरिस में दंगे हुए। इंग्लैंड में भारत पाकिस्तान के क्रिकेट मैच के बाद प्रवासी भारतीयों पर स्थानीय मुस्लिमों ने हमले किये थे। जांच में यह भी सामने आया था कि अधिकाँश हमलावर और दंगाई इस्लामिक शरणार्थी थे। ऐसे में मेलबर्न से लेकर लंदन और सिडनी से लेकर पेरिस तक में प्रवासियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण वहां की सरकारों को अब इन पर एक्शन लेने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार इन देशों हाई माइग्रेशन रेट के कारण स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। लंदन की सड़कों पर लाखों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने एंटी-इमिग्रेशन मार्च निकाला और इस्लाम और ब्रिटेन में बढ़ती प्रवासन समस्या का मुद्दा उठाया। ब्रिटेन में पिछले साल 29 जुलाई को एक्सेल ने साउथपोर्ट में चल रही एक डांस क्लास में घुस कर कई बच्चियों को बेरहमी से चाकू मार दिया था। हमलावर ने तीन बच्चियों की हत्या कर दी थी और 10 अन्य को घायल कर दिया था। इनमें ज्यादातर बच्चे थे। हमलावर मुस्लिम था। आरोपी एक्सेल के मां-बाप रवांडा से आए थे। घटना के बाद ब्रिटेन में बहुत बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

ब्रिटेन में बढ़ती मुस्लिम आबादी भी एक बड़ा मुद्दा है। अनुमान है कि साल 2035 तक ब्रिटेन की कुल आबादी में 25त्न मुस्लिम हो सकते हैं। ऐसे आतंकी हमलों और मुस्लिमों की बढ़ती आबादी के खिलाफ प्रदर्शनकारी ब्रिटेन में अवैध अप्रवासन के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। इनकी मांग है कि अवैध अप्रवासियों को देश से बाहर किया जाए। इस साल 28 हजार से ज्यादा प्रवासी इंग्लिश चैनल के रास्ते नावों से ब्रिटेन पहुंचे हैं। प्रदर्शन में शामिल लोग अवैध अप्रवासियों को शरण दिए जाने के खिलाफ हैं। हाल ही में एक इथियोपियाई अप्रवासी ने 14 साल की लड़की का यौन उत्पीड़न किया था, जिसने लोगों के गुस्से को और बढ़ावा दिया है। सरकार और पुलिस पर आरोप कि वे अवैध आव्रजन पर नकेल कसने में असफल हैं।

मुस्लिम शरणार्थी युरोपीय देशों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। गिड़गिड़ाते हुए लाचार हालत में शरण लेने आए शरणार्थी अब इस्लाम और शरिया लागू करने के लिए धरने—प्रदर्शन कर रहे हैं। जर्मनी के हैम्बर्ग में 2000 से अधिक मुसलमानों ने रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने इस्लामवादी खिलाफत और शरिया कानून लागू करने की मांग की। रैली में शामिल भीड़ ने अल्लाहू अकबर का नारा भी लगाया। जर्मनी में बहुसंख्यक आबादी ईसाई है, जबकि मुसलमान अल्पसंख्यक हैं। इन मुसलमानों में सबसे ज्यादा वो थे, जो अफ्रीकी और एशियाई देशों से शरण मांगने के लिए जर्मनी पहुंचे थे। हालांकि, नागरिकता मिलते ही उनके तेवर बदल गए और अब मूल आबादी को दबाने की कोशिश कर रहे हैं।


इसी इस्लामिक आतंकवाद के दंश से व्यथित हो लगभग 13 लाख लोग यूरोप में शरण लेने को विवश हुए थे, यह दूसरे विश्व युद्ध के पश्चात सबसे बड़ी शरणार्थी समस्या थी। शुरुआत में शरण लेने वाले अधिकाँश सीरियाई थे, लेकिन बाद में बड़ी संख्या में अफगान, नाइजीरियाई, पाकिस्तानी, इराकी और इरिट्रिया, और बाल्कन के आर्थिक प्रवासी भी इस यूरोप में शरण लेने को विवश हुए थे। यूरोप में अब तक 78,000 शरणार्थी और आप्रवासी आए हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार उनमें से आधे से ज्यादा ग्रीस पहुंचे हैं। उनमें 40 प्रतिशत परिवार अफगानिस्तान से हैं जबकि 20 प्रतिशत सीरिया से हैं।

यही वजह है कि इन देशों में चरमपंथी मुस्लिमों की हरकतों की वजह से पाबंदी लगाई जा रही हैं। दक्षिण-पूर्वी स्पेन के मर्सिया क्षेत्र के शहर जुमिला में लोकल काउंसिल ने ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा जैसे मुस्लिम त्योहारों को सिविक सेंटर्स और स्पोर्ट्स हॉल जैसी सार्वजनिक जगहों में मनाए जाने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।

कट्टर इस्लामिक तत्वों ने बेल्जियम और स्वीडन जैसे शांतिप्रिय देशों में माहौल खराब कर दिया है। मुसलमानों ने इन देशों में अतिरिक्त अधिकारों की मांग की, सड़कें जाम की, सड़कों पर नमाज पढ़ कर शक्ति प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी और ऐसी घटनाओं से स्थानीय यूरोपीय नागरिकों के मन में असुरक्षा की भावना घर कर गयी। यह निश्चित है कि सिडनी में हुई आतंकी घटना के दूरगामी परिणाम भी बेकसूर मुसलमानों को भुगतने पड़ेंगे।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3753




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3752 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक साहब अपने दोस्त से कहने लगे- ''मेरी घरवाली बहुत झुठी है. वह कल दो घण्टे घर से गायब रही और वापसी पर मुझे बताया कि वह अपनी सहेली गीता के साथ फिल्म देखने गई थी !''

''मगर तुम्हें इस बात का पता कैसे चला कि वह झूठ बोल रही है.''

''उस समय मैं गीता के साथ फिल्म देख रहा था.'' साहब ने जवाब दिया.

इस पर दोस्त खामोश हो गया.

□ □ □

एक महिला एक निमन्त्रण में गई.

वहां उसने हर व्यक्ति को अपनी उम्र अलग-अलग बताई. किसी को बीस, किसी को पच्चीस तो किसी को तीस. यह देख उसकी एकमात्र बेटी उसे खींचकर कोने में ले गई और बोली- ''मम्मी ! तुम किसी को कुछ भी आयु बताओ ! मगर इतना ध्यान अवश्य रखना कि मेरी और तुम्हारी उम्र में कम-से-कम नौ महीने का अन्तर रहे.''

□ □ □

एक आदमी ने जज से अपनी घरवाली को तलाक देने का कारण बताते हुए कहा- ''मेरी घरवाली ने शादी के बाद से अब तक केवल एक बेटी को जन्म दिया है. मगर मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं एक बेटे का बाप बनूं.''

इस पर पत्नी तमककर बोली- ''जज साहब ! अगर मैं इनके भरोसे रहती तो यह बेटी भी नहीं होती !''

## फिल्म वर्ग पहेली- 3753



**बायें से दायें:-**

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबूल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3754



## सूडोकु -3753


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3752 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 3753



**बाएँ से दाएँ**

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

शब्द पहेली -3752 का हल



# बैग में 25 साल की लड़की का शव मिला

## हाथ-पैर बंधे, चेहरा जला; हत्या करके नोएडा में कूड़े में फेंका

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में 25 साल की लड़की की हत्या कर दी गई। शव को बैग में भरकर कूड़े में फेंक दिया। लड़की के हाथ-पैर बंधे थे। चेहरा भी जला हुआ था। शव देखकर ऐसा लग रहा है कि तड़पाकर हत्या की गई, फिर पहचान न हो इसलिए लाश को जलाने की कोशिश की गई।

सेक्टर-142 में शनिवार को डंपिंग यार्ड में बैग पड़ा था। कूड़ा बीनने के लिए कुछ युवक पहुंचे। उन्होंने बैग खोला तो लाश देखकर डर गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस मौके पर पहुंची।

एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया- लड़की की उम्र 22 से 25 साल के बीच है। फिलहाल, लड़की की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त के लिए आसपास के सभी आसपास



के थानों और जिलों से संपर्क किया जा रहा है।

### काले रंग के बैग में लाश को रखा

शनिवार दोपहर कूड़ा बीनने वाले बच्चे और महिलाएं डंपिंग ग्राउंड पर कूड़ा बीन रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक काले रंग का बैग दिखाई दिया। बैग के अंदर एक लड़की का शव मिला। लड़की ने लोअर और टी-शर्ट पहन रखी थी। हाथ-पैर कपड़े से बंधे हुए थे। शुरुआती जांच में शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं।

सेक्टर-142 में जहां शव मिला। वह जगह नोएडा का मेन डंपिंग ग्राउंड है। शहर का ज्यादातर कूड़ां यहां ही डाला जाता है। इलाका सुनसान रहता है। आम लोगों की आवाजाही बहुत कम है। अधिकतर कूड़ा ढोने वाली गाड़ियां ही आती हैं। माना जा रहा है कि इसलिए शव ठिकाने के लिए चुना है।

डपिंग यार्ड से सड़क करीब 5 किमी है। आसपास कोई रिहायशी कालोनी नहीं है। नोएडा ग्रेटर एक्सप्रेस वे काफी दूर है।

### 2 एंगल पर पुलिस की जांच

1- ऑनर किलिंग में लड़की की हत्या की गई। इसके बाद शव को बैग में पैक करके फेंक दिया। इसकी वजह यह है कि पुलिस को अभी तक कहीं से किसी लड़की के गायब होने की सूचना नहीं मिली है।
2- लड़की की किसी ने हत्या की है। पहचान छिपाने के लिए शव को जलाने की कोशिश की। इसके बाद शव को फेंक दिया। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और की गई। इसके बाद शव को यहां फेंका गया।

# आईकोनिक जीके कम्पटीशन की परीक्षा सकुशल संपन्न, 772 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



**ग्रेटर नोएडा ।** जहाँगीरपुर स्थित मैक्सविन पब्लिक स्कूल में रविवार को आईकोनिक जीके कम्पटीशन की परीक्षा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जनपद गौतमबुद्धनगर और बुलन्दशहर के अन्तर्गत आने वाले स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम पाली में प्राईमरी, जूनियर, सीनियर वर्ग के 400 विधार्थीयों और द्वितीय पाली में 372 विधार्थीयों के द्वारा परीक्षा दी गई। आईकोनिक जीके के डायरेक्टर नरेंद्र कुमार ने बताया कि मैक्सविन पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक योगेन्द्र सैनी, प्रधानाचार्य खानचन्द वर्मा द्वारा इस परीक्षा को अपने विधालय में सम्पन्न कराने के लिए काफी अच्छी व्यवस्था की गई और के समस्त स्टाफ काफी अच्छा सहयोग दिया। मैक्सविन पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक योगेन्द्र सैनी ने बताया कि मैक्सविन पब्लिक स्कूल जहाँगीरपुर में यह परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई और उनके द्वारा परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# पुलिस ने महिला का गुम हुआ बैग कराया वापस

## आधे घंटे में गाड़ी ट्रेस कर महिला की मदद की

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने कानपुर से नोएडा जा रही एक महिला का कैब में छूटा बैग महज आधे घंटे में बरामद कर उसे वापस कर दिया। महिला ने पुलिस के इस कार्य की सराहना की। कानपुर निवासी कमर एहसान अपने भाई से मिलने नोएडा जा रही थीं। परी चौक पर कैब से उतरने के बाद वह अपना बैग कैब में ही भूल गईं। बैग में लाखों रुपये के जेवरात और नकदी थी। परेशान होकर महिला ने परी चौक पुलिस चौकी पर पहुंचकर मदद मांगी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगाले। गाड़ी नंबर के आधार पर कैब को ट्रेस किया गया। पुलिस ने महज आधे घंटे के भीतर महिला का बैग बरामद कर लिया। बैग में लाखों रुपये के जेवरात, 10 हजार रुपये नकद और अन्य सामान मौजूद था। बैग वापस मिलने पर महिला ने गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट और परी चौक पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बहुत तेजी से कार्रवाई कर उनका बैग वापस दिलवाया।

# नोएडा में नशा तस्कर गिरफ्तार, 18 किलो गांजा बरामद

## कार की जब्त, ओडिशा से दिल्ली-एनसीआर में करता था सप्लाई

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 18 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत 3.50 लाख रुपये है। तस्करी में इस्तेमाल की गई एक कार भी जब्त की गई है।

थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की सहायता से गांजा तस्कर अशोक कुमार को पुस्ता रोड, नंगली कट, सेक्टर-134 के पास से पकड़ा। आरोपी अशोक कुमार बुलंदशहर के मेथना जगतपुर का निवासी है।



एक्सप्रेस-वे थाना पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने जानकारी दी कि वह ओडिशा राज्य से गांजा लेकर आता था और दिल्ली-एनसीआर में ऑन-डिमांड सप्लाई करता था। पुलिस के अनुसार, अशोक कुमार एक शातिर तस्कर है और पहले भी जेल जा चुका है। सोनभद्र में भी उसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ था।

पुलिस अब इस मामले से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि वे इस तस्कर के माध्यम से पूरी सप्लाई चेन का पता लगा रहे हैं, जिसमें गांजा के स्रोत और उसके ग्राहकों दोनों की पहचान की जा रही है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# किसान एकता संघ ने आंदोलन की रणनीति पर बैठकें कीं

## जेवर में यमुना प्राधिकरण से जुड़ी समस्याओं पर संघर्ष की तैयारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में किसान एकता संघ ने आगामी आंदोलन की रणनीति को लेकर गांवों में बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को चूहड़पुर बांगर गांव में यासीन खां के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. सोरन प्रधान ने की, जबकि जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने इसका संचालन किया।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. प्रमोद शर्मा ने बताया कि यमुना प्राधिकरण से जुड़ी किसानों की समस्याओं को लेकर पिछले एक वर्ष से किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्राधिकरण के



अधिकारियों और शासन-प्रशासन से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, पुनर्वास और अन्य मूलभूत मुद्दों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शर्मा के अनुसार, प्रशासन इन समस्याओं के प्रति पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।

प्रदेश अध्यक्ष पं. प्रमोद शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान एकता संघ ने अब आर-पार की लड़ाई का फैसला लिया है। उन्होंने जोर दिया कि जब तक किसानों की सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक संगठन किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करता रहेगा।

शर्मा ने सभी किसानों से एकजुट होकर आगामी आंदोलन को मजबूती देने की अपील भी की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. सोरन प्रधान ने कहा कि संगठन शांतिपूर्ण, लेकिन निर्णायक आंदोलन करेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों के हक की लड़ाई को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

इस बैठक में मेहरबान अली, बिक्रम नागर, उमरू प्रधान, जेपी नागर, दुर्गेश शर्मा, उम्मेद एडवोकेट, जोरा भाटी, चांद मोहम्मद, सल्लन पहलवान, अखिलेश प्रधान, गोलू प्रधान, फैजान, सतवीर भाटी, कृष्णा पंडित, रोहित गौतम सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान

## ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर काटे गए चालान

गौतम बुद्ध नगर। नव वर्ष के अवसर पर ग्रेटर नोएडा में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की जांच की और ब्रेथ एनालाइजर का उपयोग कर चालान काटे।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नव वर्ष के मद्देनजर सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि जिले में कोई भी व्यक्ति हुड़दंगबाजी न करे और विशेष चेकिंग अभियान, खासकर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान, चलाया जाए। इन निर्देशों के तहत, ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र, नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। विभिन्न गोल चक्करों पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच की गई और ड्रिंक एंड ड्राइव नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे गए। पुलिसकर्मियों ने आम जनता से शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की है, चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कारों की टक्कर, दो में लगी आग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। जेवर से नोएडा की ओर जा रही तीन कारें आपस में टकरा गईं। जिसके बाद दो कारों में आग लग गई। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। यह हादसा थाना रबूपुरा क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के 20 किलोमीटर माइलस्टोन के पास रात करीब 12 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में टाटा पंच, टाटा सूमो और ग्रैंड i10 कारें शामिल थीं। टक्कर के बाद टाटा पंच और टाटा सूमो में आग लग गई, जिससे दोनों गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों कारें जलकर खाक हो चुकी थीं। दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

# नोएडा एयरपोर्ट के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण

## किसान पर मुकदमा दर्ज, अधिक मुआवजे के लिए निर्माण का आरोप

**जेवर।** जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण के विस्तार को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। एयरपोर्ट के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण करने के आरोप में गांव अहमदपुर चोरौली निवासी किसान चेतराम के खिलाफ जेवर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारियों का आरोप है कि कुछ ग्रामीण जमीन अधिग्रहण का अधिक मुआवजा पाने के उद्देश्य से जानबूझकर निर्माण कार्य कर रहे हैं।

यीडा के लेखपाल और नायब तहसीलदार द्वारा की गई जांच में अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद पुलिस से लिखित शिकायत की गई।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के नायब तहसीलदार संजय तोमर ने जेवर कोतवाली पुलिस को सौंपे शिकायत पत्र में बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान किसी भी प्रकार का नया निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियमों के बावजूद कुछ लोग अवैध निर्माण कर सरकारी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि एयरपोर्ट परियोजना से जुड़े अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नोएडा में निवेश के नाम पर 22 लाख ठगे : ट्रेडिंग करने की दी ट्रेनिंग

## पांच बार में पैसा कराया निवेश, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा सेक्टर 1 में रहने वाले एक इंजीनियर को साइबर ठगों ने जल्दी से करोड़पति बनने का सपना दिखाकर शेयर ट्रेडिंग के बहाने 22 लाख रुपए ठग लिए। साइबर ठगों टेलीग्राम के माध्यम से पीड़ित से संपर्क करने के बाद उन्हें ट्रेडिंग करने की फर्जी ट्रेनिंग दी। इसके बाद एक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया। ठग झांसे में लेकर उन्हें निवेश कराने के लिए राजी कर लिया।

पीड़ित ने 22 लाख 20 हजार रुपए ठगों के बैंक अकाउंट में पांच बार में ट्रांसफर कर दिया। उन्होंने 19 दिसंबर को मुनाफे की रकम निकालने की कोशिश की तो ठगों ने 8 लाख रुपए टैक्स के रूप में जमा करने के लिए बोला। तब जाकर पीड़ित को ठगी के बारे में जानकारी हुई और उन्होंने



एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

ग्रेटर नोएडा सेक्टर 1 सब्सिमिस सोसायटी में रहने वाले पीड़ित ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर पद पर तैनात हैं। साथ ही वह शेयर मार्केट में रूचि रखते हैं। इसी साल 5 नवंबर को उनको टेलीग्राम एप्लिकेशन के एक आईडी से मैसेज आया और खुद को सानवी के रूप में पहचान बताकर महिला ने बातचीत शुरू की।

### टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा

एक सप्ताह तक बात करने के बाद महिला ने पीड़ित को शेयर ट्रेडिंग कर डबल मुनाफा कमाने का लालच दिया। इसके बाद इंजीनियर से सावित्री नाम के आईडी से एक महिला बात की। दोनों ने झांसे में लेकर उन्हें गो मार्केट ग्लोबल सीएस टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ लिया। जहां पर उन्हें शेयर मार्केट में निवेश करने की तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही एक उसी ग्रुप के नाम की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया।

### आठ लाख रुपए टैक्स के मांगे

पीड़ित ठगों के बातों में आने के बाद निवेश शुरू कर दिए। उन्होंने पांच से अधिक बार में कुल 22 लाख 20 हजार रुपए निवेश कर दिए। बदले उन्हें वेबसाइट पर डबल मुनाफे की रकम दिखाई दे रही थी। जिसे पीड़ित ने 19 दिसंबर को निकालने की कोशिश की तो ठगों ने उनसे 8 लाख रुपए टैक्स के रूप में जमा करने लिए बोले। शक होने के बाद पीड़ित ने तुरंत साइबर क्राइम वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराई। मामले में जनपद साइबर थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। रकम ट्रांसफर बैंक खातों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रेनो की पुष्प प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर झलक की दिखेगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में 27 फरवरी से एक मार्च तक पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण ने आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर की भी झलक दिखेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रजातियों के फूलों से बनी मंदिर और पशु-पक्षियों की आकृतियां आकर्षक का केंद्र होंगी। इस बार का थीम फ्लावर कैलेंडुला होगा। कैलेंडुला के 20 हजार सहित एक लाख से अधिक फूल महक बिखेरने के साथ सुंदरता बढ़ाएंगे। प्रदर्शनी में तीन दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी आयोजित किए जाएंगे। दर्शकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत सिटी पार्क के अंदर विभिन्न प्रजाति के मौसमी फूलों के पौधे लगाने का काम पिछले एक माह से चल रहा है। पार्क के सामने स्थित 105 मीटर चौड़ी सड़क के सेंट्रल वर्ज और हरित क्षेत्र को भी विशेष रूप से संवारा जा रहा है। इस बार ड्रोन शो के आयोजन की भी तैयारी चल रही है। ड्रोन की मदद से आसमान में फूलों की आकृतियां बनाई जाएंगी। प्राधिकरण ने शहर के जिन गोलचक्करों को रखरखाव के लिए गोद दिया है, उन संस्थाओं को भी निर्देश दिए गए हैं कि गोलचक्कर फूलों के पौधे लगाकर संवारने का काम किया जाए। बागवानी के विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक बुद्ध विलास बताया कि पुष्प प्रदर्शनी की तैयारी शुरू कर दी गई है। विभिन्न प्रजाति के एक लाख से अधिक पौधे प्रदर्शित किए जाएंगे। इस बार का थीम फ्लावर कैलेंडुला होगा।

# शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में डिलीवरी बॉय ने गार्ड को पीटा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में डिलीवरी बॉय और सिक्योरिटी गार्ड के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। डोमिनोज पिज्जा के डिलीवरी बॉय ने गलत जगह बाइक पार्क करने को लेकर हुए विवाद के बाद गार्ड्स के साथ मारपीट की। यह घटना देर रात गौर सिटी 2 में हुई। विवाद तब शुरू हुआ जब डिलीवरी बॉय ने अपनी बाइक गलत जगह पार्क कर दी, जिस पर सिक्योरिटी गार्ड ने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। इसके बाद डिलीवरी बॉय ने अपने स्टोर पर फोन कर अन्य लोगों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे अन्य डिलीवरी बॉयज ने मिलकर गार्ड को पकड़ा और उसके साथ मारपीट की। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मारपीट की सूचना मिलते ही बिसरख थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



**ग्रेटर नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर दुपहिया वाहने चोरी करने वाले दो अभियुक्तों जावेद और मनोज कुमार सागर को थाना क्षेत्र के गुर्जरपुर रेलवे अण्डरपास के पास बने खण्डहरनुमा कमरे से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे/निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की सात मोटरसाइकिल, फर्जी नम्बर प्लेट और दो तमंचे मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है जो एनसीआर क्षेत्र से रैकी करके दो पहिया वाहन (विशेषकर बुलेट मोटरसाइकिल) चोरी करते है और चोरी के वाहन को सस्ते दामों में बेच देते है।

### पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**नोएडा।** शहर में विभिन्न आरडब्ल्यूए ने अपने-अपने सेक्टर और सोसाइटी में रविवार को सफाई अभियान चलाया। अभियान में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही शहर में बढ़ते प्रदूषण पर भी चिंता जाहिर की। सेक्टर-105 बी पॉकेट एचआईजी एक्सप्रेस-व्यू अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ओमवीर बंसल ने बताया कि सोसाइटी और शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को अधिक संख्या में पौधे लगाने के लिए प्रेरित भी किया गया, ताकि बढ़ते प्रदूषण को कुछ कम किया जा सके। दूसरी ओर, सेक्टर-100 सेंचुरी अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि सोसाइटी में पौधे लगाकर और सफाई अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।साल का अंतिम रविवार को यादगार बनाने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपने नाम से एक पौधा लगाएं और वर्ष भर उसकी देखभाल करें। सेक्टर-34 के आरडब्ल्यूए के महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने भी लोगों के साथ स्वच्छता और पर्यावरण को लेकर चर्चा की।

### बाइक टैक्सी चालक की लापरवाही से महिला घायल

**नोएडा।** बाइक टैक्सी चालक के लापरवाही से वाहन चलाने से पीछे बैठी महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसने आरोपी चालक के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। दिल्ली के शंकरपुर की रहने वाली रोजिया ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर को उन्होंने ऐप से नोएडा जाने के लिए बाइक टैक्सी बुक की। उन्हें शकरपुर से मायावती पार्क तक जाना था। सुबह नौ बजकर नौ मिनट पर वह पार्क के गेट नंबर दो के पास पहुंची, तभी दिल्ली नोएडा एक्सप्रेसवे पर बिना संकेत दिए बाइक टैक्सी चालक ने यू-टर्न ले लिया।पीछे से आ रहे वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रोजिया गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद आरोपी बाइक टैक्सी चालक फरार हो गया। राहगीरों ने जब महिला को सड़क पर बेहोशी की हालत में देखा तो इसकी सूचना डॉयल 112 और स्थानीय थाने की पुलिस को दी। इसके बाद पीसीआर पर तैनात पुलिसकर्मियों ने महिला को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया।

### ग्रेटर नोएडा में चलती कार में लगी भीषण आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में रविवार देर शाम एक चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई। यह घटना नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर हुई, जहां समय रहते कार चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। कार में आग लगने से एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित होने के कारण लंबा जाम लग गया। यह हादसा नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट के पास हुआ। मायचा गांव निवासी भूपेंद्र नोएडा से ग्रेटर नोएडा की ओर जा रहे थे। एक्सप्रेसवे पर पहुंचते ही उनकी कार से अचानक हल्का धुआं निकलता दिखाई दिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, कार के अगले हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। स्थिति भांपते हुए भूपेंद्र ने तुरंत गाड़ी रोक दी और बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही पलों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन धू-धू कर जलने लगा। एक्सप्रेसवे के बीचोंबीच कार में आग लगने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार : भारतीय किसान यूनियन ने ग्रेटर नोएडा में निकाला आक्रोश मार्च

**गौतम बुद्ध नगर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लगातार अत्याचारों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने ग्रेटर नोएडा के दादरी में आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान संगठन ने बांग्लादेश के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। रविवार देर शाम भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यह आक्रोश यात्रा निकाली। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। कि बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। उनकी कॉलोनियों को जलाया जा रहा है और हाल ही में एक हिंदू व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई, जो एक जघन्य अपराध है। उन्होंने बांग्लादेश में घटित अमानवीय घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। चौहान ने मानवाधिकारों की रक्षा, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस हस्तक्षेप की मांग उठाई। इस दौरान सभी प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं को न्याय मिलना चाहिए और उन पर हमले तुरंत बंद होने चाहिए।

### सिर्फ दस पुराने मामलों में ही लागू होगी एक्सचेंज डीड

**नोएडा।** विकास कार्यों के नाम पर जमीन लेकर किसान को दूसरी जगह जमीन देकर उसकी एक्सचेंज डीड कराने से संबंधित फायदे सिर्फ पुराने मामलों में ही लागू होंगे। पुराने करीब दस मामले हैं, जो इस दायरे में आएंगे। अब जमीन लेने के लिए नोएडा प्राधिकरण कोई नई एक्सचेंज डीड नहीं करेगा। इस प्रस्ताव को हाल ही में यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। इसको विनिमय से प्रदत्त भूमि के प्रबंधन और विनियमितिकरण विनियामवली 2025 नाम दिया गया। अभी तक प्राधिकरण में ऐसा कोई नियम नहीं थी कि हस्तांतरित की गई जमीन पर किस भूउपयोग में निर्माण के लिए नक्शा पास किया जाए।इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण ने शासन से मार्गदर्शन मांगा था। इसके बाद ही विनियमावली 2025 को मंजूरी दी गई। इस प्रस्ताव के तहत एक्सचेंज डीड के रूप में जो जमीन किसान या जमीन मालिक को दी गई है, वह वहां संबंधित सेक्टर के हिसाब से निर्माण कर सकेगा।

# नोवल शुगर मिल में गार्डों की दबंगई

## गन्ना बेचने आए किसान से की बेरहमी से मारपीट

▸ गन्ना रिजेक्ट होने पर हुआ विवाद, लात-घूंसे और डंडों से पीटने का वीडियो वायरल, दो गार्ड हिरासत में



**पीलीभीत।** पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर स्थित नोवल शुगर मिल में तैनात सुरक्षाकर्मियों की दबंगई का मामला सामने आया है। कड़ाके की ठंड के बीच गन्ना बेचने पहुंचे किसानों के साथ मिल गेट पर सुरक्षाकर्मियों ने बेरहमी से मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

गन्ना रिजेक्ट होने पर बढ़ा विवाद जानकारी के अनुसार गांव मसीत निवासी किसान प्रदीप कुमार शनिवार रात करीब 11 बजे गन्ने से भरी ट्रॉली लेकर नोवल शुगर मिल पहुंचे थे। मिल गेट पर गन्ने की प्रजाति की जांच के दौरान जांच टीम ने गन्ना रिजेक्ट कर दिया और ट्रॉली वापस ले जाने को कहा। किसान द्वारा इसका विरोध किए जाने पर कहासुनी हो गई।

आरोप है कि इसी दौरान मिल गेट और आसपास तैनात कई सुरक्षाकर्मी मौके पर एकत्र हो गए और किसान के साथ लात-घूंसे व डंडों से मारपीट शुरू कर दी। गार्डों ने किसान को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और बाद में खींचकर मिल परिसर के अंदर ले गए। घटना को देख मौके पर मौजूद अन्य किसानों ने इसका विरोध किया। मारपीट की पूरी घटना का किसी ने वीडियो बना लिया, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह सुरक्षाकर्मी किसानों के साथ बर्बरता कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि नोवल शुगर मिल में इससे पहले भी गन्ना बेचने आए किसानों के साथ मारपीट और अभद्रता की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होती।

घटना की सूचना मिलते ही थाना बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट में शामिल दो आरोपित सुरक्षाकर्मियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना से नाराज किसानों ने जिला प्रशासन से नोवल शुगर मिल प्रबंधन और सुरक्षाकर्मियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी गार्डों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में अन्नदाताओं के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार दोहराया न जा सके।

# लकड़ी के बुरादे से भरा ट्रक बोलेरो पर पलटा : ड्राइवर की मौत

## 1 की हालत गंभीर; 3 घंटे चला रेस्क्यू

**रामपुर।** रामपुर में रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बोलेरो को टक्कर मार दिया। जिसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर बोलेरो के ऊपर पर पलट गया। जिससे बोलेरो पूरी तरह ट्रक के नीचे दब गई। जिससे बोलेरो ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं एक घायल व्यक्ति को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा है। घटना दिल्लीङ्कनैनीताल हाईवे संख्या-87 पर पहाड़ी गेट चौराहे के पास का है।

हादसा उस समय हुआ, जब दिल्लीङ्कनैनीताल हाईवे पर तेज रफ्तार से जा रहा लकड़ी के बुरादे से लदा ट्रक अचानक संतुलन खो बैठा और आगे चल रही बोलेरो पर पलट गया। हादसे में बोलेरो चालक को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। बोलेरो चालक विद्युत संविदा कर्मी के रूप में काम करता था। जो विद्युत विभाग के एसडीओ की बोलेरो को चलाता था।



घटना की जानकारी मिलते ही राहगीरों और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद बोलेरो को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। हादसे की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## बलिया में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया शहर कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को रविवार को माल गोदाम रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। यह गिरफ्तारी एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हुई है। वादिनी ने बताया था कि आरोपी सत्यम खरवार ने पुरानी रंजिश के चलते उनके पति को जान से मारने की नीयत से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। इस शिकायत के बाद सत्यम खरवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर और क्षेत्राधिकारी नगर मो. उस्मान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली क्षितिज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। रविवार को उपनिरीक्षक कमलेश यादव की टीम चित्तू पाण्डेय चौराहे पर गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली।

# मां की डांट से नाराज किशोरी घर से लापता, नहर में कूदने की आशंका

## हरदोई ब्रांच नहर पटरी पर मिली चप्पल व शाल, पुलिस-प्रशासन और एसएसबी की रेस्क्यू टीम जुटी तलाश में

**पीलीभीत।** घरेलू काम को लेकर मां की डांट से नाराज होकर एक किशोरी के घर से लापता हो जाने और हरदोई ब्रांच नहर में कूदने की आशंका से कलीनगर क्षेत्र में रविवार को सनसनी फैल गई। नहर की पटरी पर किशोरी की चप्पल और शाल मिलने के बाद परिजन और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलीनगर तहसील क्षेत्र के वार्ड नंबर-5 निवासी रमेश की 16 वर्षीय पुत्री रोशनी रविवार सुबह करीब आठ बजे घर से अचानक लापता हो गई। काफी देर तक जब किशोरी का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान हरदोई ब्रांच नहर पुल के पास उसकी चप्पल और शाल पड़ी मिली, जिससे नहर में कूदने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिससे नहर के आसपास भीड़ जमा हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, जिस पर कलीनगर चौकी इंचार्ज सैफ खान पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से नहर में खोजबीन शुरू कराई।

सूचना पर एसडीएम कलीनगर भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले चुके हैं। वहीं एसएसबी की रेस्क्यू टीम को भी बुलाया गया, जो नाव और गोताखोरों की मदद से नहर में किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका था। चौकी इंचार्ज सैफ खान ने बताया कि किशोरी को नहर में कूदते हुए किसी ने नहीं देखा है। नहर पटरी पर उसकी चप्पल और शाल मिली है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और तलाश अभियान लगातार जारी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। पुलिस और प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

# साइबर क्राइम पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** जखौरा साइबर क्राइम सेल, पुलिस टीम द्वारा साइबर क्राइम जागरुकता अभियान चलाया गया।पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के साइबर क्राइम सेल, थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में




निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया ।किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाएनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाएनलोडन करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें ।सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें ।

कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें । सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें ।

## गार्ड का शव रखकर प्रदर्शन पर उतरा परिवार

**बिल्हौर।** कानपुर में शुक्रवार देर रात सिक्योरिटी गार्ड के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने शव रखकर हंगामा किया। निर्माणाधीन महर्षि महेश योगी कृषि विश्वविद्यालय में अलाव में लकड़ी रखने को लेकर झगड़ा हुआ। यहीं पर साथी सिक्योरिटी गार्ड ने गोली मारी थी। रविवार को विश्वविद्यालय के गेट पर परिवार के लोग प्रदर्शन पर उतर आए। करीब साढ़े पांच घंटे तक परिवार ने हंगामा और प्रदर्शन किया। परिवार ने संबंधित सिक्योरिटी एजेंसी नेशनल सिक्योरिटी से मृतक निर्मल सिंह की कैंसर पीड़ित पत्नी के इलाज के लिए, बेटी की परवरिश और वृद्ध मां की देखभाल के लिए 50 लाख रुपए मुआवजा और पेंशन दिए जाने की मांग की। कहा- अगर पैसे नहीं मिले तो कैंसर पीड़ित पत्नी का इलाज कौन कराएगा? स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए बिल्हौर, अरौल, ककवन और शिवराजपुर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर भी पहुंचे। उन्होंने सिक्योरिटी कंपनी से फोन पर बात की। इसके करीब एक घंटे बाद सिक्योरिटी कंपनी ने मुआवजा देने बात कही। इसके बाद हंगामा खत्म हुआ और शव का अंतिम संस्कार हुआ। उधर, सिक्योरिटी गार्ड निर्मल सिंह चंदेल की हत्या के आरोपी अनिरुद्ध द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रोजेक्ट नई किरण ने एक परिवार का कराया पुनर्मिलन




**ललितपुर ।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 01 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 01 परिवार खुशी - खुशी साथ -साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 05 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है ।इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डॉ.दीपक चौबे, डॉ एस पी पाठक.डॉ जनक किशोरी शर्मा डॉ संजीव कुमार शर्मा,अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में प्रतिसार निरीक्षक महिलाथानाध्यक्ष अनीता देवी महिला हे0 का0 आशा देवी व महिला आरक्षी माधवी शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा ।

## 2 दिवसीय महापौर सम्मेलन संपन्न

**अयोध्या।** अयोध्या में दो दिवसीय महापौर सम्मेलन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हो गया। शनिवार को प्रदेश भर के सभी महापौर रामनगरी अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने मां सरयू की आरती में भाग लिया और उसके बाद रामलला के दर्शन किए। रविवार सुबह 10: 30 बजे दीप प्रज्वलन के साथ सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर प्रदेश भर से आए सभी महापौरों का स्मृति चिह्न, शाल और रामायण भेंट कर स्वागत किया गया। अयोध्या की महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने स्वागत भाषण देकर सम्मेलन की शुरुआत की। सम्मेलन में शहरी विकास और नगर निगमों में हो रहे नवाचार (इनोवेशन) पर चर्चा की जा रही है। महापौर अपने-अपने शहरों के विकास कार्यों और नई योजनाओं की जानकारी शेयर की। बनारस, मेरठ, गाजियाबाद और मथुरा के महापौर निजी कारणों से महा सम्मेलन में शामिल नहीं हो सके। इस दौरान वे सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# मिशन शक्ति टीम ने हेल्पलाइन और साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि



साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन टीम ने उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी।

नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है। जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि हर महिला स्वयं को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त महसूस कर सके।

# मेला प्राधिकरण में कर्मचारियों और श्रद्धालुओं के बीच धक्का-मुक्की

## भूमि और सुविधा पर्ची के लिए श्रद्धालु परेशान, चक्कर काट रहे

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र में भूमि आवंटन और सुविधा पर्ची को लेकर मेला प्राधिकरण के कर्मचारियों और श्रद्धालुओं के बीच विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। आरोप है कि हंगामे के बाद मेला प्राधिकरण के कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं को धक्का देकर बाहर किया और गेट के अंदर ताला बंद कर दिया।

माघ मेला शुरू होने में अब कुछ ही



दिन शेष हैं। ऐसे में कई संस्थानों को भूमि तो आवंटित कर दी गई है, लेकिन अब तक उन्हें सुविधा पर्ची नहीं दी गई है और न ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसी को लेकर श्रद्धालु और संस्थान प्रतिनिधि लगातार मेला प्राधिकरण के चक्कर लगा रहे हैं।

रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी समस्याओं को लेकर मेला प्राधिकरण पहुंचे थे। इसी दौरान कर्मचारियों और श्रद्धालुओं के बीच फिर से कहासुनी हुई, जो धक्का-मुक्की में बदल गई।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

शनिवार को हुए बवाल एक बाद पुलिस ने मेला प्राधिकरण परिसर के अंदर जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग कर दी है।

परिसर के अन्दर कुछ ही लोगों को अन्दर जाने दिया जा रहा। शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु धरना दे रहे थे उस दौरान बवाल हो गया था। जिसके बाद रविवार से परिसर प्रवेश पर बैरीकेडिंग लगा दी गयी है।

## मथुरा में दो सगे भाइयों को गोली मारी

**मथुरा।** मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र के गांव नगला नेता में रविवार की देर शाम दो पक्षों में झगड़ा हो गया। पुरानी रंजिश को लेकर हुए झगडे के दौरान एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। जिसमें दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि उसका भाई गोली लगने से घायल हो गया। उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की भले ही अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन गांवों में सत्ता की लड़ाई अब सड़कों पर उतर आई है। मथुरा के थाना जैत क्षेत्र के गांव नगला नेता में रविवार रात चुनावी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। फायरिंग की इस सनसनीखेज वारदात में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका सगा भाई गंभीर रूप से घायल है। रविवार देर रात गांव नगला नेता में उस समय हालात बेकाबू हो गए, जब दो गुट आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई, फिर मारपीट शुरू हो गई और देखते ही देखते गोलियां चलने लगीं। फायरिंग में दो सगे भाई अनिल और राधाकृष्ण गोली लगने से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां सिर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल राधाकृष्ण ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं उसका भाई अनिल गंभीर रूप से घायल है।

# शार्ट न्यूज

## बार पुलिस ने लौटाए दो गुम हुए मोबाइल

**ललितपुर।** बार पुलिस द्वारा दो मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत 24,500 रुपये है। ये फोन उन शिकायतकर्ताओं को लौटाए गए हैं जिन्होंने गुम या चोरी हुए मोबाइल के लिए शिकायत की थी। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना बार पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना बार पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 02 अदद गिरे हुए/ खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर, उनके स्वामी को सुपुर्द किया। पीड़ितों का मोबाइल फोन उन्हे वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना बार पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी ।

## ठंड के चलते स्कूलों में एक जनवरी तक छुट्टी

कानपुर। ठंड और कोहरे को देखते हुए कानपुर जिला प्रशासन ने सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 29 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार राय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों पर लागू होगी। आदेश में कहा गया है कि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में अत्यधिक सर्दी, ठंडी हवाएं और घने कोहरे की स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों तथा विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि कानपुर में बीते कई दिनों से घना कोहरा व शीतलहर का प्रकोप जारी है। रविवार को पूरे दिन धूप न निकलने से दिन का तापमान भी 14 डिग्री के करीब आ गया। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दो से तीन दिनों में ठंड बढ़ेगी।

## मारपीट के बाद दो लोगों पर चढ़ाई कार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में मारपीट के बाद तनावपूर्ण हालात बन गए। एक युवक को पीटे जाने की शिकायत लेकर आरोपित के घर पहुंचे लोगों पर चार पहिया वाहन चढ़ाने का आरोप है। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना शनिवार देर रात की है। रामपुर गांव निवासी अमित कुमार घर के पास स्थित किराना दुकान से सामान लेने गया था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही उज्ज्वल ने उसे आवाज देकर बुलाया। सामान खरीदने में व्यस्त होने के कारण अमित तुरंत उसके पास नहीं पहुंच सका। इसी बात को लेकर उज्ज्वल भड़क गया और अमित के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के बाद अमित किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन और अन्य लोग उज्ज्वल के घर उलाहना देने पहुंचे। आरोप है कि उज्ज्वल की मां को पूरी बात बताई ही जा रही थी कि उसी समय उज्ज्वल तेज रफ्तार में चार पहिया वाहन लेकर पहुंचा और भीड़ में घुसा दिया। इस घटना में अमित कुमार, शिव लोचन और कौंधियारा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव निवासी सुनील कुमार वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए।

## उजरियाव गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ।** लखनऊ के गोमती नगर स्थित उजरियाव गांव में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 250 ग्रामीणों और स्थानीय नागरिक पहुंचे। उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों से निशुल्क परामर्श और विभिन्न जांचों की सुविधा मिली। शिविर में जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ, चेस्ट फिजिशियन और फिजियोथेरेपिस्ट की एक टीम ने मरीजों की जांच की। डॉक्टरों ने सामान्य बीमारियों के साथ-साथ हड्डी, सांस, महिलाओं से जुड़ी समस्याओं और जीवनशैली से संबंधित रोगों पर विशेष सलाह दी। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और ईसीजी जैसी आवश्यक जांचें भी पूरी तरह निशुल्क की गईं। शिविर मेक वेल हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर की ओर से था। हॉस्पिटल के डायरेक्टर विनय प्रताप सिंह ने बताया कि अस्पताल का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को समय पर इलाज मिल सके।

## आपत्तिजनक पोस्ट से धार्मिक भावनाएं आहत

**लखनऊ।** लखनऊ में सोशल मीडिया पर विशेष समुदाय खिलाफ अभद्र पोस्ट को लेकर सआदतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। फेसबुक पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर न सिर्फ कई लोगों ने कमेंट किया बल्कि उसे शेयर भी किया। जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। दरगाह हजरत अब्बास के पास रहने वाले इफ्तिखार हुसैन की शिकायत पर सआदतगंज पुलिस ने फेसबुक आईडी 'मोन सुलतान' के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पोस्ट में शिया धर्मगुरुओं सहित अन्य लोगों की तस्वीरें डालकर उनके साथ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इससे समाज में तनाव फैलाने का प्रयास किया गया। जिससे कई लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हैं। सआदतगंज इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि पोस्ट करने वाले व्यक्ति की पहचान की जा रही है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## अलीगढ़ में पकड़ा अंतरराज्यीय टप्पेबाज गिरोह

**अलीगढ़।** चार गुना रुपए मिलेंगेज बस कुछ देर के लिए असली नोट दिखा दीजिए। इसी एक लाइन में लोगों की जिंदगी भर की कमाई फंस जाती थी। थाना बन्नादेवी पुलिस ने ऐसे ही शातिर अंतरराज्यीय टप्पेबाज गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को नुमाइश ग्राउंड से गिरफ्तार किया है। गिरोह के पास से नकदी, बच्चों के खेलने वाले चूरन नोटों की गड्डियां, अवैध हथियार, लग्जरी कार, स्कूटी और नोट गिनने की मशीन बरामद हुई है। सीओ कमलेश कुमार के मुताबिक यह गिरोह सीधे-साधे लोगों को निशाना बनाता था। पहले दोस्ताना बातचीत, फिर कम समय में पैसे दोगुने-चौगुने करने का लालच दिया जाता। विश्वास जमाने के लिए कागज की गड्डियों के ऊपर और नीचे असली नोट लगाए जाते थे, जबकि बीच में बच्चों के खेलने वाले 'चिल्ड्रन बैंक' के नकली नोट होते थे। जैसे ही पीड़ित अपने असली पैसे या जेवरात लेकर पहुंचता, तभी गिरोह का एक सदस्य अचानक फर्जी पुलिसकर्मी बनकर चिल्लाता 'पुलिस आ गई भागो'। अफरा-तफरी के इसी पल में असली पैसे गायब पीड़ित के हाथ में नकली नोटों की गड्डी थमा दिया जाता है।

## पुलिस-गौकशों की मुठभेड़, 2 तस्कर गिरफ्तार

**पीलीभीत।** पीलीभीत में पूरनपुर पुलिस की माधोटांडा रोड पर रामपुर माइनर पुलिया के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो शातिर गौकश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मुठभेड़ रविवार रात करीब आठ बजे हुई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर पुलिस बल के साथ माधोटांडा रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही वे कच्चे रास्ते की ओर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। पीछा करने के दौरान खेत के पास बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लग गई और वे मौके पर ही गिर पड़े। घायल बदमाशों को तत्काल सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत सामान्य बताई है।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में पुलिस के साथ झड़प में 6 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम छह आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। लक्की मारवत जिले में आतंकवादियों द्वारा स्नाइपर राइफलों और क्वाडकॉप्टर हमलों से पुलिस पर हमला करने के बाद गोलीबारी शुरू हो गई। बन्नू के क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि आतंकवादियों ने 'क्वाडकॉप्टर हमलों के जरिए ग्रामीणों के घरों को भी निशाना बनाया', जिसके परिणामस्वरूप 'नागरिक हताहत' हुए। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद विरोधी विभाग के कमांडो और हथियारबंद स्थानीय लोगों ने गोलीबारी में पुलिस की सहायता की। पुलिस के बयान में कहा गया है, 'स्नाइपर राइफलों और क्वाडकॉप्टरों से लैस आतंकवादियों ने बन्नू जिले की सीमा से लगे ग्रामीण इलाके में पुलिस पर हमला किया, जो सेराई नौरंग कस्बे के शहीद असमतुल्लाह खान खट्टक पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर स्थित है।' इसमें कहा गया है, 'इस हमले के परिणामस्वरूप भीषण गोलीबारी हुई और कानून प्रवर्तकों ने प्रभावी ढंग से जवाबी गोलीबारी की।' हालांकि आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में पुलिसकर्मियों के हताहत होने के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया था, लेकिन इसमें कहा गया था कि 'सशस्त्र संघर्ष के दौरान, कानून प्रवर्तकों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया और उनके कई साथी घायल हो गए।

### मलयेशिया के पूर्व नेता नजीब रजाक को 15 साल की जेल और भारी जुर्माना

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** जेल में बंद मलयेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को शुक्रवार को 1एमडीबी राज्य निवेश कोष से अरबों डॉलर की लूट से जुड़े उनके सबसे बड़े भ्रष्टाचार मुकदमे में दोषी ठहराए जाने के बाद 15 साल की सजा और 13.5 अरब रिंगिट (3.3 अरब अमेरिकी डॉलर) का भारी जुर्माना और संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया गया। देश के उच्च न्यायालय ने 72 वर्षीय नजीब को सत्ता के दुरुपयोग के चार मामलों और vMDB फंड से उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की धनराशि से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के 21 आरोपों में दोषी पाया। न्यायमूर्ति कॉलिन लॉरेंस सेक्वेरा ने नजीब को सत्ता के दुरुपयोग के प्रत्येक आरोप के लिए 15 साल और मनी लॉन्ड्रिंग के प्रत्येक आरोप के लिए पांच साल की जेल की सजा सुनाई। ये सजाएं साथ-साथ चलेंगी, जिसका मतलब है कि उसे 15 साल और जेल में बिताने होंगे। जज ने कहा कि नई सजा 1स्क्ष्क्रमामले में उसकी मौजूदा सजा खत्म होने के बाद शुरू होगी। उन्होंने सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों के लिए नजीब पर कुल 11.4 अरब रिंगिट (2.8 अरब अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया।

### जापान में 50 से ज्यादा गाड़ियां टकराईं : कई गाड़ियां जलकर खाक

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में शुक्रवार देर रात बर्फीले मौसम के कारण बड़ा सड़क हादसा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, कोहरे के कारण इलाके में विजिबिलिटी कम थी, जिसके चलते दो ट्रक आपस में टकरा गए। टक्कर के बाद एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा ब्लॉक हो गया। पीछे से आ रही गाड़ियां बर्फीली सड़क पर समय रहते ब्रेक नहीं लगा सकीं और देखते ही देखते 50 से ज्यादा गाड़ियां आपस में भिड़ गए। टक्कर के बाद गाड़ियों में आग लग गई। हादसा गुन्मा प्रान्त के मिनाकामी कस्बे में कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर हुआ। इसमें 77 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए। हादसे के वक्त देश में साल के अंत और नए साल की छुट्टियों को लेकर भारी ट्रैफिक था। पुलिस ने बताया कि घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। हादसे के बाद एक गाड़ी में आग लग गई। जो तेजी से फैलते हुए एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों तक पहुंच गई। कई वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए हैं। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को करीब सात घंटे लगे। पुलिस जांच, मलबा हटाने और सड़क की सफाई के चलते एक्सप्रेसवे के कुछ हिस्से अभी भी बंद हैं।

### ढाका में मदरसे में धमाका, बम बनाने का सामान बरामद

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के दक्षिण केरानीगंज इलाके के हासनाबाद में स्थित उम्माल कुरा इंटरनेशनल मदरसा में शुक्रवार को धमाका हुआ। इसकी वजह से मदरसे के एक कमरे की दीवारें और छत पूरी तरह ढह गईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। तलाशी के दौरान वहां से बम बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया गया है। हालांकि धमाके में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि यह धमाका किस उद्देश्य से किया गया, इसकी जांच की जा रही है।

# ट्रंप की वापसी से लेकर नेपाल में ओली के तख्तापलट तक, दुनिया में 2025 के बड़े राजनीतिक बदलाव

**वाशिंगटन, एजेंसी।** साल 2025 वैश्विक स्तर पर राजनीतिक बदलाव के साथ ही सियासी उथल-पुथल का वर्ष साबित हुआ है। जहां एक ओर सत्ता के पुराने केंद्र डगमगाए, वहीं दूसरी ओर वैश्विक सियासत में नए ध्रुवों ने आकार लिया। साल की शुरुआत पश्चिम में अमेरिका में लोकतांत्रिक तरीके से हुए सत्ता परिवर्तन से लेकर पूरब में जेन-ज़ी प्रदर्शनकारियों के हिंसक प्रदर्शनों से नेपाल में हुए केपी शर्मा ओली के तख्तापलट तक तमाम सियासी बदलाव इसमें शामिल हैं। आइए 2025 में दुनियाभर में हुए तमाम बड़े राजनीतिक बदलावों पर एक नजर डालते हैं।



**अमेरिका में ट्रंप की वापसी से फैली दुनियाभर में बेचैनी :** अमेरिका में हुए चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी भले ही दिसंबर, 2024 में तय हो गई थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर जनवरी, 2025 में उन्होंने राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली। ट्रंप 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) अभियान के दम पर सत्ता में वापस आए। राष्ट्रपति बनने के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने दुनियाभर के देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया। अमेरिका की ओर से लगाए गए इस टैरिफ की जद में मित्र देशों से लेकर प्रतिद्वंदी भी शामिल थे। इस पूरे साल में ट्रंप की ओर से कई देशों के आंतरिक मुद्दों में खुद को मुख्य सुलहकर्ता के तौर पर पेश किया गया। इनमें भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े युद्ध को कथित तौर पर रुकवाने का श्रेय लेना भी शामिल है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ की वजह से दुनिया में करीब आठ युद्ध उन्होंने रुकवा दिए।

2025 में व्हाइट हाउस की ओर से लिए गए हर फैसले का असर यूक्रेन से लेकर ताइवान तक महसूस किया गया है। एच1-बी वीजा के शुल्क में बढ़ोतरी हो या यूक्रेन को हथियारों की मदद रोकने का एलान या फिर ताइवान को चीन से लोहा लेने के लिए हथियारों की खेप देने का फैसला, हर जगह ट्रंप की नीतियों ने सियासी उथल-पुथल को बढ़ावा दिया। ट्रंप ने अपने फैसलों से सहयोगियों पर दबाव बनाया और प्रतिद्वंद्वियों पर सख्ती बरती। हालांकि, तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था के चलते ट्रंप को चीन पर लगाया गया भारी-भरकम टैरिफ टालना पड़ा। आसान शब्दों में कहें तो ट्रंप के शासनकाल में अमेरिका दुनिया का स्थिर स्तंभ नहीं, बल्कि एक अस्थिर धुरी बनता जा रहा है।

**ट्रूडो को छोड़नी पड़ी कुर्सी, वजह ट्रंप ही बने :** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जनवरी, 2025 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। ट्रूडो के सत्ता से बाहर होने की प्रमुख वजह उनकी पार्टी में हुई आंतरिक बगावत को माना जाता है। हालांकि, इसके सियासी परिदृश्य में कहीं न कहीं अमेरिकी सत्ता में ट्रंप की वापसी भी एक बड़ी वजह रही है। ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव जीतने के बाद से ही जस्टिन ट्रूडो पर निशाना साधना शुरू कर दिया था। कभी ट्रंप कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी देते तो कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बताते हुए ट्रूडो को वहां का गवर्नर बताने लगते थे। इतना ही नहीं जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे का श्रेय भी ट्रंप ने लिया। उन्होंने दावा किया था कि अमेरिका के टैरिफ लगाने के दबाव के चलते ट्रूडो ने इस्तीफा दिया। दरअसल, ट्रंप के आगे ट्रूडो काफी कमजोर नजर आने लगे थे। उन्होंने ट्रंप की तमाम बयानबाजियों पर चुप्पी साधे रखी और इसी के चलते ट्रूडो की अपनी ही पार्टी में उनके खिलाफ बगावत शुरू हो गई। मंत्रियों के इस्तीफों से शुरू हुआ सिलसिला आखिर में ट्रूडो के इस्तीफे तक जा पहुंचा। ट्रूडो के इस्तीफे के बाद हुए चुनावों में मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी को जीत मिली और उन्होंने पीएम पद संभाला।

**फ्रेडरिक मर्ज बने जर्मनी के नए चांसलर, ओलाफ स्कोल्ज को दी पटखनी :** फरवरी, 2025 में जर्मनी की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिला। जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज सत्ता से बाहर हो गए और फ्रेडरिक मर्ज नए चांसलर बने। जर्मन राजनीति में उन्हें बुंडेस्टैग में जरूरी बहुमत हासिल करने के लिए दूसरे मतदान की आवश्यकता पड़ी। इसके बाद फ्रेडरिक मर्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू), क्रिश्चियन सोशल यूनियन (सीएसयू) और सोशल डेमोक्रेट्स (एसपीडी) ने जर्मनी की नई सरकार के रूप में काम शुरू किया। चौंकाने वाली बात थी कि 69 वर्षीय मर्ज ने कभी भी महत्वपूर्ण नेतृत्व जिम्मेदारियों वाला कोई शीर्ष सरकारी पद नहीं संभाला था। वे किसी छोटे शहर के मेयर तक नहीं रहे हैं।

कहा जा सकता है कि जर्मनी में चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के सत्ता से बाहर होने की जमीन डोनाल्ड ट्रंप की वापसी और उनकी नीतियों से तैयार हुई। ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति, नाटो को लेकर सख्त रुख और यूरोप से सुरक्षा खर्च बढ़ाने की मांग ने जर्मन राजनीति पर दबाव बढ़ाया। स्कोलज की सरकार पहले से ही आर्थिक मंदी, ऊर्जा संकट और यूक्रेन युद्ध को लेकर घरेलू आलोचना झेल रही थी। ट्रंप की ओर से रूस के लिए नरम रुख और यूक्रेन को समर्थन घटाने के संकेतों ने जर्मनी में सुरक्षा को लेकर चिंता गहरा दी। इसके चलते जर्मन मतदाताओं और सियासी दलों में स्कोल्ज सरकार पर बदलते वैश्विक हालात में देश के हितों की रक्षा कर पाने को लेकर सवाल खड़े होने लगे।

# पाकिस्तान में खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम के साथ फिर मारपीट: विधानसभा में बदसलूकी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। इसके बाद अफरीदी ने बयान जारी कर कहा- कोई भी लोकतांत्रिक सरकार ऐसा काम नहीं करती है, यह सीधे-सीधे मार्शल लॉ जैसा व्यवहार है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खतरे में है।



**अफरीदी के प्रतिनिधि के साथ भी मारपीट :** गार्ड अफरीदी के प्रतिनिधि बुर्की के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें धक्का देकर विधानसभा से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। हालांकि, अन्य अधिकारियों के बचाव में आने के बाद बुर्की को छोड़ दिया जाता है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है। पाकिस्तान के पंजाब में मुस्लिम लीग नून की सरकार है और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज मुख्यमंत्री हैं। वहीं, केपी के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ से हैं।

**अफरीदी बोले- पंजाब में नकली सरकार है :** घटना के बाद अफरीदी ने मीडिया से कहा कि लाहौर में हमारे कार्यकर्ताओं के साथ बुरा व्यवहार और उत्पीड़न किया जा रहा है। उनका कहना था कि पंजाब में एक नकली सरकार है, जो सिर्फ एक पार्टी को डराने और धमकाने में लगी है। उन्होंने बताया कि चक्री और मंडी बहाउद्दीन में हमारे कार्यकर्ताओं के रास्ते रोके गए। उनके वाहन रोक दिए गए। कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और सांसदों के साथ भी बदसलूकी हुई।

**अफरीदी से एक महीने पहले भी मारपीट की गई थी :** अफरीदी 1 महीने पहले 28 नवंबर को रावलपिंडी की अडियाला जेल में इमरान से मिलने गए थे, तब भी पुलिस ने उनके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने उनके बाल खींचे और जमीन पर गिरा दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम सोहेल अफरीदी पर हमले की कार्रवाई सेना के आदेश पर की गई। अफरीदी जिस समय जेल पहुंचे थे।

# रूस का कीव पर मिसाइल और ड्रोन हमला, शहरों की बिजली गुल

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच लगभग चार साल से जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक रूप लेता हुआ दिख रहा है। जहां एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी कीव पर 27 दिसंबर की रात को बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला हुआ। शहर और आसपास के इलाकों में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई। यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच रविवार को फ्लोरिडा में होने वाली शांति बैठक की तैयारी चल रही थी। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि चार साल से जारी ये संघर्ष अभी भी दूर-दूर तक थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। बजाय इसके ये संघर्ष और भयावह रूप लेता हुआ दिख रहा है। हां ये अलग बात है कि अमेरिका समेत कई देश इस संघर्ष को थामने की पुरजोर कोशिश कर रहे है। कीव पर हुए हमले की बात करें तो मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, रूस ने किंझाल हाइपरसोनिक मिसाइल, चार इस्कैंडर बैलिस्टिक मिसाइल और कई कालिब्र क्रूज मिसाइलें कीव पर दागीं। इसके अलावा कई ड्रोन (यूएवी) शहर और आसपास के इलाकों में देखे गए। वहीं एक बार फिर रूस के हमले में कीव से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित ब्रावरी नामक शहर में बिजली गायब हो गई। कीव के महापौर विटाली क्लिचको ने लोगों को शेल्टर में रहने की सलाह दी। यूक्रेन की एयर फोर्स ने भी नागरिकों को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की। इससे पहले जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा था कि ट्रंप के साथ बैठक से शांति समझौते की दिशा में कदम बढ़ सकते हैं। यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा तैयार किया गया 20-बिंदुओं का शांति प्लान लगभग 90% तैयार है। बैठक में यूक्रेन की सुरक्षा और सहयोगियों की भूमिका पर खास जोर होगा। दूसरी ओर, ट्रंप ने कहा कि कोई भी शांति समझौता उनकी मंजूरी के बिना लागू नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर इस शांति वार्ता को लेकर रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके बलों ने दक्षिणी यूक्रेन में मोर्चों पर आगे बढ़ना जारी रखा और जारोरिज्जिया क्षेत्र के कोसोव्त्सेवो कस्बे पर कब्जा किया।

# बांग्लादेशी गायक जेम्स के कॉन्सर्ट पर भीड़ ने किया हमला, बरसाए पत्थर

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के दिग्गज गायक जेम्स के फरीदपुर में होने वाले एक कार्यक्रम में शुक्रवार की रात को भीड़ ने हमला कर दिया। आयोजकों की ओर से पूरी तैयारियों के बावजूद भीड़ के पत्थर बरसाने और हमला करने के बाद कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक गायक जेम्स का कॉन्सर्ट शुक्रवार को रात करीब 9 बजे फरीदपुर जिला स्कूल परिसर में स्कूल की 185वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित किया जाना था। आयोजन समिति के मुताबिक प्रवेश देने से मना किए जाने के बाद बाहरी लोगों के एक समूह ने कार्यक्रम स्थल में जबरन घुसने का प्रयास किया।

**हमलावरों ने की पत्थरबाजी, मंच पर कब्जा करने की कोशिश :** इन लोगों ने रोके जाने पर कथित तौर से ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। भीड़ ने मंच पर कब्जा करने की कोशिश की। फरीदपुर जिला स्कूल के छात्रों ने हमले का विरोध किया, जिसकी वजह से हमलावरों को पीछे हटना पड़ा। रात करीब 10 बजे आयोजन समिति के संयोजक मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने फरीदपुर के पुलिस उपायुक्त के निर्देश पर संगीत कार्यक्रम रद्द करने का एलान किया। समिति के राजिबुल हसन खान ने बीडीन्यूज24 को बताया, 'हमने जेम्स के संगीत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। लेकिन हमें अभी भी समझ नहीं आ रहा है कि हमला क्यों हुआ, इसकी वजह क्या थी या इसके पीछे कौन था।' उन्होंने आगे बताया कि घटना के दौरान ईंटों की चपेट में आने से फरीदपुर जिला स्कूल के कम से कम 15 से 20 छात्र घायल हो गए।



**कौन हैं बांग्लादेश के गायक जेम्स :** फारुक महफूज अनम को जेम्स के नाम से जाना जाता है। जेम्स बांग्लादेश के गायक-गीतकार, गिटारवादक और संगीतकार हैं। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में भी गाने गाए हैं, जैसे फिल्म 'गैंगस्टर' का 'भीगी भीगी' और फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' का 'अलविदा'। वे बांग्लादेश में बेहद लोकप्रिय हैं।

**तस्लीमा नसरीन ने की हमले की निंदा :** बांग्लादेश की निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन ने इस घटना के बारे में लिखते हुए बांग्लादेश में पनप रहे इस चलन की कड़ी निंदा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में तस्लीमा नसरीन ने कहा, 'सांस्कृतिक केंद्र छायानाट को जलाकर राख कर दिया गया है। उदिची - वह संगठन जिसका गठन संगीत, रंगमंच, नृत्य, कविता पाठ और लोक संस्कृति को बढ़ावा देकर धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील चेतना को पोषित करने के लिए किया गया था - उसे भी जलाकर राख कर दिया गया है। आज जिहादियों ने मशहूर गायक जेम्स के एक कार्यक्रम को रोक दिया। वह ढाका में कार्यक्रम प्रस्तुत किए बिना भारत लौट गए और कहा कि जब तक कलाकार, संगीत और सांस्कृतिक संस्थान सुरक्षित नहीं हो जाते, तब तक वे बांग्लादेश नहीं आएंगे। स्थिति बेकाबू होते देख फरीदपुर जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। रात करीब 10 बजे आयोजन समिति के संयोजक डॉ. मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने मंच से ऐलान किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देश पर जेम्स का कॉन्सर्ट रद्द किया जा रहा है।

# फिर 'तत्काल' युद्धविराम पर सहमत हुए थाइलैंड और कंबोडिया, इस साल दूसरी बार हुआ समझौता

**बैंकाक, एजेंसी।** थाइलैंड और कंबोडिया ने लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद में चल रहे घमासान लड़ाई को समाप्त करने के लिए शनिवार को एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 'तत्काल युद्धविराम' की घोषणा की गई। यह युद्धविराम आज दोपहर 12 बजे (स्थानीय समय) से प्रभावी हो गया। दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित इस समझौते में सभी प्रकार के हथियारों के उपयोग को रोकने, नागरिकों और बुनियादी ढांचे पर हमलों को बंद करने तथा सैन्य ठिकानों पर आक्रमण न करने का प्रावधान है।

यह इस साल दूसरी बार है जब दोनों पड़ोसी देशों ने युद्धविराम पर सहमति जताई है। जुलाई 2025 में भी इसी तरह के सीमा संघर्ष के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मलेशिया की मध्यस्थता से एक युद्धविराम समझौता हुआ था, जो अक्टूबर में मजबूत किया गया था। लेकिन दिसंबर की शुरुआत में फिर से झड़पें शुरू हो गईं, जिससे पुराना समझौता टूट गया।

**हालिया घटनाएं :** थाइलैंड और कंबोडिया के बीच 800 किलोमीटर लंबी सीमा पर दशकों पुराना विवाद है, जो मुख्य रूप से प्राचीन मंदिरों (जैसे प्रीह विहार और ता मुएन थोम) और औपनिवेशिक काल की सीमा रेखा से जुड़ा है। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने कुछ क्षेत्रों को कंबोडिया का बताया था, लेकिन आसपास के इलाकों पर विवाद बना रहा। इस साल जुलाई में पांच दिनों की भयंकर लड़ाई के बाद युद्धविराम हुआ था। लेकिन 7-8 दिसंबर 2025 से फिर झड़पें शुरू हो गईं। थाइलैंड ने हवाई हमले किए, जबकि कंबोडिया ने रॉकेट और तोपों से जवाब दिया। लड़ाई लाओस के पास जंगली क्षेत्रों से लेकर थाईलैंड की खाड़ी के तटीय प्रांतों तक फैल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर युद्धविराम उल्लंघन का आरोप लगाया। हालिया संघर्ष में कम से कम 100 लोगों की मौत हुई है, जिसमें सैनिक और नागरिक शामिल हैं। दोनों तरफ से लाखों लोग विस्थापित हुए हैं- थाइलैंड में लगभग 4 लाख और कंबोडिया में 5 लाख से अधिक।

**वार्ताओं का सफर**

**22 दिसंबर: आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक में दोनों देश 24 दिसंबर से वार्ता पर सहमत हुए।**

**24-26 दिसंबर: जनरल बॉर्डर कमिटी (जीबीसी) की बैठकें थाइलैंड के चांथाबुरी प्रांत में हुईं, जहां तनावपूर्ण माहौल में समझौता तैयार हुआ।**

**27 दिसंबर: रक्षा मंत्री स्तर पर हस्ताक्षर, युद्धविराम प्रभावी। समझौते में सैनिकों की मौजूदा स्थिति को फ्रीज करने, कोई नई तैनाती न करने और नागरिकों की जल्द घर वापसी की बात है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर झूठी जानकारी फैलाने से बचने का भी वादा किया है।**

# बांग्लादेश की ढाका यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी प्रदर्शन



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बांग्लादेश में एक बार फिर भारत विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इंकिलाब मंच ने नेता उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए ढाका के शाहबाग इलाके में प्रदर्शन किया। इस दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाए गए। जुमा की नमाज के बाद ढाका यूनिवर्सिटी से जुलूस निकाला गया, जो शाहबाग पहुंचकर धरने में बदल गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे इलाके में यातायात ठप हो गया। इंकिलाब मंच का कहना है कि जब तक हादी की हत्या में न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शरीफ उस्मान हादी की पिछले हफ्ते हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश में एक बार फिर अशांति फैल गई है। प्रदर्शन के दौरान 'आई एम हादी' जैसे नारे गूंजते रहे। ढाका यूनिवर्सिटी वही जगह है, जहां जुलाई 2024 में हुए आंदोलन की रणनीति बनी थी।

**बांग्लादेशी हिंदू की हत्या मामले में 6 और गिरफ्तार :** बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में छापेमारी के दौरान हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे दीपू दास पर अपनी नौकरी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। दीपू चंद्र दास की 18 दिसंबर को भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें एक पेड़ से आग भी लगा दी थी। इस घटना के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था।

**हिंदू संगठन ने ढाका में प्रदर्शन किया :** इस घटना के विरोध में हिंदू संगठन नेशनल हिंदू महाजोत ने ढाका के नेशनल प्रेस क्लब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दीपू दास की हत्या की निंदा की और मांग की कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़ रहे हैं और सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता जताई जा रही है।

# इजरायल ने सोमालिलैंड को दे दी देश के रूप में मान्यता, भड़का अफ्रीकी संघ; क्या मामला?

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से सोमालिलैंड को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमालिया से अलग हुए इस देश को मान्यता देने के का ऐलान करते हुए यहां के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही को इजरायल के आधिकारिक दौरे का न्यौता भी दिया। गौरतलब है कि यह देश सोमालिया में चल रहे गृहयुद्ध के बाद अलग हुआ है, यह काफी समय से एक अलग देश के रूप में अपनी सत्ता चला रहा है। वहीं, दूसरी ओर अफ्रीकी संघ ने इजरायल के इस फैसले का विरोध किया है। टाइम्स ऑफ इजरायल की एक रिपोर्ट के अनुसार सोमालिया से अलग हुए इस क्षेत्र को 30 साल से अधिक समय के बाद किसी देश ने आधिकारिक तौर पर मान्यता दी है। इस ऐतिहासिक घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इजरायली विदेश मंत्री गिदेओन साआर ने हस्ताक्षर किए, जबकि सोमालिलैंड की तरफ से राष्ट्रपति अब्दुल्लाही ने। दोनों ही नेताओं ने इस मान्यता पत्र को ऐतिहासिक पल बताया। नेतन्याहू ने कहा कि इस क्षण से दोनों देशों के बीच में ऐतिहासिक मित्रता की शुरुआत होती है। दोनों देश आर्थिक क्षेत्रों, कृषि और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करेंगे। इजरायल का यह फैसला अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में हुए अब्राहम अकॉर्ड की भावनाओं के अनुरूप है। इजरालय से मान्यता मिलने के बाद सोमालिलैंड ने कहा है कि वह भी इस समझौते में शामिल होना चाहता है। राष्ट्रपति ने एक्स पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा कि यह दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐतिसाहिक क्षण है। हम इसका गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हैं।' सोमालिलैंड की राजधानी हरगेसा में भी लोगों ने इजरायल के इस कदम का स्वागत किया और सड़कों पर आकर जश्न मनाया। **अफ्रीकी संघ, सोमालिया समेत कई देशों ने जताई आपत्ति**



इजरायल की नेतन्याहू सरकार के इस फैसले की कई देशों ने निंदा की है। सोमालिया ने इसे उसकी संप्रभुता पर जानबूझकर किया गया हमला बताया। सोमालिया के विदेश मंत्री ने कहा कि इस फैसले की वजह से क्षेत्र की शांति कमजोर होगी। वहीं, अफ्रीकी संघ ने कड़े शब्दों में इसकी निंदा करते हुए इस कदम को पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सोमालिलैंड नामक क्षेत्र अफ्रीकी महासंघ के सदस्य सोमालिया का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा, 'सोमालिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने की कोई भी कोशिश एक खतरनाक मिसाल का काम कर सकती है, जिससे पूरे महाद्वीप की शांति और स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव होगा। गृहयुद्ध से जूझ रहे सोमालिया के मुख्य सहयोगी तुर्किए ने इजरायल के इस फैसले का विरोध किया है। तुर्किए के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजरायल की यह पहल उसकी विस्तारवादी नीति से मेल खाती है। यह सोमालिया के आंतरिक मामलों में खुला हस्तक्षेप है। तुर्किए सोमालिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**क्या है सोमालिलैंड की कहानी :** अफ्रीकी महाद्वीप के हॉर्न पर बसे सोमालिया के अंतर्गत माने जाने वाले सोमालिलैंड को मान्यता देने वाला इजरायल पहला देश बना है। अभी तक इस क्षेत्र को किसी भी देश ने स्वतंत्र देश की मान्यता नहीं दी है। हालांकि, ब्रिटेन इथियोपिया, तुर्किए, यूएई, डेनमार्क, कीनिया और ताइवान जैसे देशों के साथ उसके अनौपचारिक राजनयिक संबंध हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से 1960 के दशक में सोमालिलैंड को कुछ समय के लिए स्वतंत्रता मिली थी और उस समय इजरायल समेत कुल 35 देशों ने उसे मान्यता दी थी। लेकिन फिर बाद में वह स्वेच्छा से सोमालिया के साथ एकीकृत हो गया था। बाद में जब 1991 में सोमालिया गृहयुद्ध में उलझ गया तो सोमालिलैंड ने फिर से खुद को स्वतंत्र घोषित कर लिया। तब से लेकर अभी तक सोमालिलैंड एक अलग राज्य के रूप में ही काम कर रहा है। इसकी अपनी सरकार, अपनी मुद्रा और सुरक्षा बल है। सोमालिया के लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के विपरीत सोमालिलैंड में अपेक्षाकृत शांत और स्थिर शासन देखने को मिलता है। इजरायल का यह फैसला एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। विश्लेषकों के अनुसार, सोमालिलैंड की भौगोलिक स्थिति महत्वपूर्ण है। रेड सी के पास इजरायल को साझेदारों की जरूरत है। इन साझेदारों की मदद से वह भविष्य में यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है।

# केन्द्रीय अनुबंध में शुभमन को मिल सकता है प्रमोशन, विराट और रोहित का होगा डिमोशन

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) साल 2026 के लिए केन्द्रीय अनुबंध में बदलाव कर सकता है। आने वाले दिनों मे इस बार में घोषणा होने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनसार बीसीसीआई खिलाड़ियों की ग्रेडिंग में बड़े बदलाव करने जा रहा है। इसके तहत जहां अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली का डिमोशन हो सकता है। वहीं शुभमन गिल का प्रमोशन हो सकता है।

रोहित और विराट अभी तक ए प्लस ग्रेड में रखा गया था पर अब उन्हें इसे हटना पड़ेगा क्योंकि अब ये दोनो एक ही प्रारुप खेलते हैं। ए प्लस केवल उन्हीं को मिलता है जो तीनो ही प्रारुप खेलते हैं। रोहित और विराट ने टेस्ट और टी20 से संन्यास ले लिया है। वहीं शुभमन गिल अब दो प्रारुप में कप्तानी कर रहे हैं। इसलिए उन्हें ए प्लस ग्रेड में लाया जाना तय है। शुभमन का प्रदर्शन भी लगातार अच्छा रहा है। वहीं युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को भी इस बार अनुबंध मिल सकता है।

ईशान साल 2025 की केन्द्रय अनुबंध सूची में शामिल नहीं थे पर अब उन्हें 2026 की नई सूची में शामिल किया जा सकता है। ईशान को टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है, इससे भी उन्हें अनुबंध में जगह मिलना तय माना जा रहा है।

ग्रेड में शुभमन के अलावा रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को ए प्लस + ग्रेड में रखा जा सकता है। ये तीनों खिलाड़ी सभी प्रारुपों में भारतीय टीम से खेल रहे हैं। खिलाड़ियों के केन्द्रीय अनुबंध के अलावा बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट में अंपायरों और मैच रेफरी की मैच फीस बढ़ाने की भी घोषणा कर सकता है। यह फैसला घरेलू सर्किट के लिए अहम माना जा रहा है।



# भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए पाकिस्तान खिलाड़ी पर बड़ी कार्रवाई, मिली कठोर सजा



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के जाने-माने इंटरनेशनल कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत को नेशनल फेडरेशन ने कठोर सजा देते हुए हुए उन्हें अनिश्चित काल के लिए बैन कर दिया है क्योंकि उन्होंने इस महीने की शुरुआत में बहरीन में एक प्राइवेट टूर्नामेंट में भारतीय टीम के लिए खेला था। पाकिस्तान कबड्डी फेडरेशन (PKF) ने एक इमरजेंसी मीटिंग के बाद यह बैन लगाया। फेडरेशन ने राजपूत को बिना फेडरेशन या दूसरे संबंधित अधिकारियों से जरूरी नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) लिए विदेश जाकर टूर्नामेंट खेलने का दोषी पाया।

PKF के सेक्रेटरी राणा सरवर ने कहा कि राजपूत के पास डिसिप्लिनरी कमेटी के सामने अपील करने का अधिकार है। सरवर ने कहा कि फेडरेशन ने इस बात को गंभीरता से लिया कि राजपूत न सिर्फ बिना NOC के विदेश गए बल्कि उन्होंने भारत टीम का प्रतिनिधित्व किया, उसकी जर्सी पहनी और एक मैच जीतने के बाद भारतीय झंडा अपने कंधों पर लपेट लिया। सरवर ने कहा, 'लेकिन उसने (राजपूत) दावा किया है कि यह पूरी तरह से गलतफहमी थी और उसे कभी नहीं बताया गया था कि वह जिस टीम के लिए प्राइवेट टूर्नामेंट में खेलेगा, वह भारतीय टीम होगी। लेकिन वह फिर भी NOC नियमों का उल्लंघन करने का दोषी है।' राजपूत तब मुश्किल में पड़ गए जब GCC कप के दौरान भारतीय जर्सी पहने और भारतीय झंडा लहराते हुए उनके वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सरवर ने आगे कहा कि NOC लिए बिना इस इवेंट में हिस्सा लेने के लिए दूसरे खिलाड़ियों पर भी बैन लगाया गया है और जुर्माना लगाया गया है। राजपूत ने पहले माफी मांगी थी, जिसमें कहा था कि उन्हें बहरीन में टूर्नामेंट में खेलने के लिए बुलाया गया था और उन्हें एक प्राइवेट टीम में शामिल किया गया था।

उन्होंने कहा था, 'मुझे बाद में पता चला कि उन्होंने टीम का नाम भारत टीम रखा था और मैंने आयोजकों से कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के नामों का इस्तेमाल न करें। पहले भी प्राइवेट कॉम्पिटिशन में, भारतीय और पाकिस्तानी खिलाड़ी एक साथ एक प्राइवेट टीम के लिए खेले हैं, लेकिन कभी भी भारत या पाकिस्तान के नाम से नहीं। मुझे बाद में पता चला कि मुझे गलत तरीके से भारतीय टीम के लिए खेलते हुए दिखाया गया, जिसके बारे में मैं विवाद के बाद सोच भी नहीं सकता।'

# अब 2026 टी20 विश्वकप जीतना चाहती है भारतीय महिला टीम : हरमनप्रीत

**–श्रीलंकाई टीम के खिलाफ सीरीज से अभ्यास का अच्छा अवसर मिला**




**त्रिवेंद्रम (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि अब उनकी टीम का लक्ष्य 2026 टी20 विश्वकप जीतना है। भारतीय टीम ने इसी साल हरमनप्रीत की कप्तान में एकदिवसीय विश्वकप जीता था जिसके बाद से ही उसके हौंसले बुलंद हैं। श्रीलंका के खिलाफ जारी सीरी में भी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसने पांच मैचों की सीरीज के शुरुआती तीन मैच आसानी से जीत लिए हैं।

हरमनप्रीत ने साफ किया कि श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज से आने वाले टी20 विश्वकप के लिए टीम को अभ्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अधिक आक्रामक रवैया अपनाया है। ताकि एक प्रयोग किया जा सके। हरमनप्रीत ने कहा, एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद हमने तय किया था कि टी20 क्रिकेट में अपने स्तर को और आगे ले जाना है। इसी कारण आक्रामक रुख अपनाया गया है। विश्व कप में जीत के लिए आक्रामक तरीके से खेलना बहुत जरूरी होता है। इसी को देखते हुए अभ्यास के तौर पर इस सीरीज में टीम आक्रामक रही।

हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। साथ ही कहा कि इससे भारतीय टीम की गेंदबाजी ताकत उभरकर सामने आयी है। टी20 प्रारुप में गेंदबाजों की भूमिका बेहद अहम होती है। इसमें विरोधी टीम को छोटे स्कोर पर रोकना होता है जिसमें भारतीय गेंदबाज सफल रहे हैं।

# चमारी अथापथु ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाली पहली श्रीलंकाई महिला क्रिकेटर बनीं

**तिरुवनंतपुरम (केरल) (एजेंसी)।** श्रीलंका की महिला कप्तान चमारी अथापथु ने इतिहास रच दिया है। वह अपने देश के लिए 150 टी20आई मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। इस अनुभवी क्रिकेटर ने रविवार को तिरुवनंतपुरम में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के चौथे टी20आई के दौरान यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

महिला टी20आई क्रिकेट में अथापथु ने 25.23 की औसत और 109.97 के स्ट्राइक रेट से 3507 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में 35 वर्षीय खिलाड़ी ने 25.73 की औसत और 6.62 की इकॉनमी से 63 विकेट लिए हैं। उनके नाम एक बार 4 विकेट लेने का रिकॉर्ड है। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत के खिलाफ चौथे टी20आई में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

भारतीय महिला और श्रीलंकाई महिला टीमें टी20आई क्रिकेट में 29 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। इनमें से ब्लू टीम ने 23 जीत हासिल की हैं और 5 हार का सामना किया है। दोनों देशों के बीच एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। चल रही पांच मैचों की टी20आई सीरीज में भारत ने पहला मैच 8 विकेट से, दूसरा 7 विकेट से और तीसरा 8 विकेट से जीतकर 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। मेहमान टीम चौथे टी20आई में वापसी करने की कोशिश करेगी।



टॉस जीतने के बाद अथापथु ने कहा, 'ओस के कारण पीछा करना थोड़ा आसान है। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा और कम से कम 140 रन बनाने की कोशिश करनी होगी। यह एक अच्छा स्कोर होगा। हमारी टीम में दो बदलाव हैं, मल्की मदारा और इनोका राणावीरा आज आराम कर रही हैं, काव्या कविंदी और रश्मिका टीम में हैं।''

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'हम आज पहले बल्लेबाजी करना चाह रहे थे, हम खुश हैं। जेमीमा नहीं खेल रही हैं क्योंकि वह ठीक नहीं हैं और क्रांति आराम कर रही हैं। अरुंधति और हरलीन वापस आ गई हैं। यह हर किसी को मौका देने के लिए एक आदर्श श्रृंखला है। खुशी है कि यह सब योजना के तहत आ रहा है। मैं कोई लक्ष्य दिमाग में नहीं रख रही हूं। उम्मीद है कि हम अच्छा स्कोर बनाएंगे।'

**प्लेइंग इलेवन**

**भारत महिला :** शैफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, वैष्णवी शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी।

**श्रीलंका महिला :** हासिनी परेरा, चमारी अथापथु (कप्तान), हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, नीलाक्षिका सिल्वा, कौशानी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), मालशा शेहानी, रश्मिका सेवंडी, काव्या कविंदी, निमशा मदुशानी।

## ब्रेट ली ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के हॉल ऑफ फेम में शामिल

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली को संन्यास के एक दशक से भी अधिक समय के बाद हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार ब्रेट ली को साल 1999 से 2012 तक शानदार प्रदर्शन के कारण सम्मानित किया जा रहा है। इस तेज गेंदबाज ने अपने करियर के 76 टेस्ट मैचों में 310 विकेट लेने के साथ ही 221 एकदिवसीय मैच मैचों में 380 विकेट लिए। इसके अलावा 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 28 विकेट अपने नाम किये। इस गेंदबाज ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिक्सर्स की ओर से भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। ली एशेज विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं। इसके अलावा उनके रहते टीम ने तीन विश्वकप कप खिताब भी जीते हैं। वह साल 1999, 2003 और 2007 की खिताब विजेता टीम में शामिल रहे हैं। ली ने साल 2008 में एलन बॉर्डर पदक जीता और साल 2006 में उन्हें विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर का सम्मान दिया गया। वह ऑस्ट्रेलिया के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस तेज गेंदबाज के प्रशंसकों की भारी तादाद है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के चेयरमैन पीटर किंग ने कहा, 'ब्रेट ली ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के योग्य हैं। वह विश्व के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक होने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के ब्रांड एंबेसडर भी रहे हैं।' संन्यास के बाद से ही वह एक कमेंटेटर के रूप में खेल से जुड़े हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम उन खिलाड़ियों का सम्मान करता है जिनके करियर ने खेल पर अपना प्रभाव छोड़ा है।'

# स्टार्क डब्ल्यूटीसी सत्र में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में दो विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अब स्टार्क इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025–27 सत्र में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। अभी तक इस साल डब्ल्यूटीसी में सबसे अधिक विकेट भारत के में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के नाम पर थे। वहीं अब सिराज दूसरे नंबर पर खिसक गये हैं। स्टार्क पेसर स्टार्क ने डब्लयूटीसी 2025–27 में अब तक 7 मैचों की 14 पारियों में 41 विकेट लिए हैं। वहीं सिराज ने 9 टेस्ट मैचों में 39 विकेट अपने नाम किये हैं। स्टार्क ने अब तक इस एशेज 2025–26 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में उन्होंने 26 विकेट लिए हैं। स्टार्क ने अब तक 53 टेस्ट मैचों में 217 विकेट अपने नाम किए हैं। अगर वह एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट में 8 विकेट और हासिल कर लेते हैं, तो वह अपने ही साथी गेंदबाज नाथन लायन को पीछे छोड़कर डब्लयूटीसी इतिहास के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन सकते हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के जोश टंग हैं। टंग ने 5 मैच में 31 विकेट लिए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के साइमन हार्मर ने 4 मैच में 30 और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स ने 8 मैच में 30 विकेट लिए हैं।

# अभिषेक शर्मा ने नेट अभ्यास के दौरान दिखाया जलवा, गेंद को मैदान से भेजा बाहर

**जयपुर (एजेंसी)।** पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा यहां रविवार की सुबह अपने नेट सत्र के लगभग 10 मिनट बाद रुके और टीम के अपने साथी खिलाड़ी गौरव चौधरी की ओर मुड़े और एक सवाल पूछा जिससे उनके इरादे और कल्पना का पता चलता है। उन्होंने पूछा, 'क्षेत्ररक्षण कैसा है।'

अभिषेक ने यह सवाल काल्पनिक क्षेत्ररक्षकों के बारे में पूछा। ऑफ स्पिनर चौधरी ने तुरंत जवाब दिया, 'मिड ऑफ पर एक रन बचाने के लिए रखा है।' इसके बाद जो हुआ वह अनुमानित लेकिन रोमांचक था। अभिषेक ने अपने चिरपरिचित अंदाज में बल्ला घुमाया और गेंद को मैदान से बाहर भेज दिया। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने लगभग एक घंटे अभ्यास किया और इस दौरान डिफेंस को कोई तवज्जो नहीं दी। उन्होंने जयपुर शहर की सीमा से थोड़ी दूर खेत की जमीन पर बने खूबसूरत अनंतम क्रिकेट ग्राउंड पर कम से कम 45 छक्के लगाए।

यह एक विशेष बल्लेबाजी सत्र जैसा लग रहा था जहां अभिषेक सिर्फ स्पिनरों का सामना करना चाहते थे। एक ऐसी पिच पर ऑफ स्पिनर, लेग स्पिन और बाएं हाथ की धीमी गेंदबाजी का सामना जहां गेंद बार-बार रुककर आ रही थी और अगर



गेंदबाज सही जगह पर गेंद डालते तो काफी टर्न मिल रहा था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मैदानकर्मियों को हल्का रोलर चलाने के लिए कहा लेकिन मुश्किलें कम नहीं हुई क्योंकि नेट गेंदबाजों की गेंदें लगातार परेशान कर रही थीं। कुछ गेंद अप्रत्याशित रूप से ऊपर उठ रही थीं जबकि कुछ खतरनाक तरीके से नीचे रह रहीं थी।

जब भी लेंथ थोड़ी छोटी होती तो अभिषेक को परेशानी होती लेकिन जिस तरह से वह अपने पैरों का इस्तेमाल कर रहे थे वह देखना बहुत शानदार था। गेंद को खेलने से चूकने और उछलते हुए देखने के बाद वह पिच पर आगे बढ़ते और अपने बल्ले से निशान पर टैप करते और फिर अपनी महारत दिखाते। छोटी लेंथ की गेंद पर वह पिच पर आगे बढ़कर ऑफ स्पिन और गुगली (जो बाएं हाथ के बल्लेबाज से दूर जाती थी) के खिलाफ एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड-आउट शॉट लगाते थे। कम से कम पांच बार गेंद पास की एक ऊंची रिहायशी इमारत के परिसर में गिरी।

इनसाइड-आउट शॉट इतनी बार दोहराया गया कि टीम के मुख्य कोच संदीप शर्मा ने मजाक में कहा, 'तू अपना शतक पूरा करने के लिए सिर्फ एक्स्ट्रा कवर के ऊपर ही छक्के मारना चाहता है।% गलत शॉट के लिए शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर एक लाल क्षेत्ररक्षण नेट लगाया गया था। वह एक बार उस जाल में फंस गए लेकिन जल्दी ही सामंजस्य बैठाया और कुछ सीधे छक्के मारने का फैसला किया। जब 25 साल का खिलाड़ी बाकी टीम के लगभग 45 मिनट बाद ट्रेनिंग के लिए आया तो वह पांच केंद्रीय पिच में से एक पर अभ्यास करना चाहते थे। ये सभी लाल मिट्टी की पिचें थीं।

हालांकि मैच की पिच तय नहीं हुई थी इसलिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के नियमों के अनुसार उन्हें वहां बल्लेबाजी करने की इजाजत नहीं थी। फिर उन्होंने लगभग 40 मिनट तक बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी की और मुख्य कोच तथा सहायक कोच उदय कौल के साथ बल्लेबाजी के बारे में बात की। जब पूरी टीम का सत्र पूरा हो गया तो कप्तान के लिए पैड पहनने का समय था।

उन्होंने शुरू में तेज गेंदबाजों का सामना करने का फैसला किया लेकिन एक युवा नेट गेंदबाज लगातार पांचवें स्टंप की लाइन पर गेंदबाजी कर रहा था जिससे अभिषेक ने सलाह दी, 'भाई, तुम स्टंप्स के करीब गेंदबाजी करो।'' दुनिया के सबसे बेहतरीन टी20 बल्लेबाजों में से एक अभिषेक ने खुद को हर कीमत पर आक्रमक करने के लिए तैयार किया है जो टीम की सामूहिक सोच को दिखाता है। छक्के मारना उनके लिए स्वाभाविक लगता है। एक घंटे के नेट सत्र के दौरान वह तीन से चार बार आउट हुए और हर बार डिफेंस करते हुए। आक्रामक रवैया दिखाते हुए वह हमेशा नियंत्रण में दिखे। कुछ ऐसा ही भारत अगले नौ हफ्तों में देखने की उम्मीद करेगा।

# पूर्व इंग्लैंड स्ट्राइकर कैरोल गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश होंगे




लंदन । न्यूकैसल यूनाइटेड, लिवरपूल और इंग्लैंड के पूर्व स्ट्राइकर एंडी कैरोल को मंगलवार को कोर्ट में पेश होना है, उन पर नॉन–मोलस्टेशन ऑर्डर का उल्लंघन करने का आरोप है। स्पोर्ट के अनुसार 36 साल के कैरोल, जो अब नेशनल लीग साउथ साइड डेगनहम एंड रेडब्रिज के लिए खेलते हैं, को अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और कथित अपराध एक महीने पहले किया गया था। 36 साल के खिलाड़ी, जिन्होंने इंग्लैंड के लिए 9 मैच खेले हैं और जिन्हें 2011 में लिवरपूल ने उस समय के क्लब रिकॉर्ड फीस 35 मिलियन यूरो में साइन किया था, उन्हें चेम्सफोर्ड मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश होना है। एसेक्स पुलिस ने कहा, 'एक व्यक्ति पर नॉन–मोलस्टेशन ऑर्डर का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। एपिंग के रहने वाले 36 साल के एंड्रयू कैरोल को 27 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और कथित अपराध मार्च की एक घटना से संबंधित हैं। उन्हें 30 दिसंबर को चेम्सफोर्ड मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश होना है।' नॉन–मोलस्टेशन ऑर्डर एक कोर्ट का आदेश होता है जो आमतौर पर किसी व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से बात करने से रोकने के लिए जारी किया जाता है और यह किसी को किसी खास पते या काम की जगह से एक निश्चित दूरी के अंदर आने से भी रोक सकता है। नॉन–मोलस्टेशन ऑर्डर के उल्लंघन की सजा जुर्माने से लेकर सबसे गंभीर मामलों में पांच साल तक की जेल हो सकती है।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दो बड़े अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर किया वर्ष 2025 का सफल समापन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दो बड़े अंतरराष्ट्रीय पदक सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु में कांस्य जीतकर वर्ष 2025 का समापन एक बहुत ही सफल साल के तौर पर किया। पूरे साल पीआर श्रीजेश के मार्गदर्शन में कई गहन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कोच ने एक टीम बनाई और खिलाड़ियों को दिसंबर में जूनियर विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया।

भारत की प्रतिस्पर्धी तैयारी जून में चार देशों के टूर्नामेंट से शुरू हुई, जो अच्छी यूरोपीय टीमों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण तैयारी का अवसर था। मेजबान जर्मनी के साथ-साथ स्पेन और ऑस्ट्रेलिया का सामना करते हुए, भारतीय जूनियर टीम ने बड़ी टीमों के खिलाफ अपनी योजना परीक्षण किया और टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही।

उन्होंने अक्टूबर में 2025 सुल्तान ऑफ जोहोर कप में उसी लय और सीख को आगे बढ़ाया, जहां भारत ने रजत पदक जीतने के लिए एक मजबूत और लगातार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रेट ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और मलेशिया पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की और पाकिस्तान के साथ 3-3 से ड्रॉ भी खेला और लीग चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में पहुंची।

खिताबी मुकाबले में भारत ने 59वें मिनट में एक दुर्भाग्यपूर्ण गोल खाया और ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हार गई और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह सारी तैयारी टीम को FIH हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 तक ले गई, जो सीजन का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट था, जहाँ भारत ने घरेलू धरती पर एक यादगार अभियान चलाया।

भारत ने पूल चरण में क्रमशः चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड पर तीन आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर-फ़ाइनल एक निर्णायक पल साबित हुआ, क्योंकि भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और शूटआउट में बेल्जियम को 4-3 से हराकर सेमी- फाइनल में जगह बनाई। गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने शूटआउट में दो अहम बचाव करके शानदार क्लास और हिम्मत दिखाई, जिससे भारत टूर्नामेंट में आगे बढ़ सका।

दुर्भाग्य से भारत सेमी-फाइनल में चैंपियन जर्मनी से 1-5 से हार गया, लेकिन तीसरे/चौथे स्थान के प्लेऑफ में टीम ने शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ अविश्वसनीय प्रदर्शन किया और कांस्य पदक हासिल किया। चौथे क्वार्टर तक दो गोल से पीछे होने के बावजूद, भारत ने मैच के आखिरी 15 मिनट में अपना सब कुछ लगा दिया और लगातार चार गोल करके मैच को अपने नाम किया और साल का दूसरा अंतरराष्ट्रीय पदक जीता।

मनमीत सिंह छह गोल के साथ भारत के सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि शरदानंद तिवारी और दिलराज सिंह ने पांच-पांच गोल किए। जैसे-जैसे साल आगे बढ़ा, भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम एक स्थिर और आत्मविश्वासी टीम के रूप में सामने आई। कई खिलाड़ियों ने अहम पलों पर शानदार प्रदर्शन किया।

कप्तान रोहित पूरे सीजन में एक प्रभावशाली कप्तान के रूप में उभरे और साथ ही उन्होंने अपनी




ड्रैगफ्लिकिंग स्किल्स को भी बेहतर बनाया, जो अहम मैचों में एक मुख्य हथियार बन गया। आक्रमण में, दिलराज सिंह और अर्शदीप सिंह ने लगातार गोल किए, जिससे भारत को फॉरवड लाइन में बढ़त मिली। डिफेंस में, प्रिंस दीप सिंह एक भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुए, उन्होंने ज़्यादा दबाव वाली स्थितियों में भी शांत प्रदर्शन किया, जबकि अनमोल एक्का टीम के इंजन के रूप में उभरे, उन्होंने मिडफील्ड से खेल को नियंत्रित किया और डिफेंस को आक्रमण से जोड़ा।

FIH हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में कांस्य पदक और 2025 सुल्तान ऑफा जोहोर कप में रजत पदक के साथ, इस सीजन में न केवल नतीजे मिले, बल्कि हॉकी इंडिया के विजन के तहत भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव भी रखी गई है।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट दो दिनों में समाप्त होने से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को हुआ करोड़ों का नुकसान

मेलबर्न । यहां एशेज सीरीज का चौथा क्रिकेट टेस्ट मैच दो दिनों के अंदर खत्म होने के बाद जहां पिच पर सवाल उठे हैं। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को भी भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इससे पहले से ही घाटे में जा रहे सीएक की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम को चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले तीन टेस्ट जीते हैं जिससे एशेज सीरीज पहले ही उसने जीत ली है। साल 2024–25 वित्तीय वर्ष सीए के लिए खास अच्छा नहीं रहा। भारत के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज़ में भी उसे तकरीबन 68.05 करोड़ का घाटा हुआ। 2025–26 एशेज सीरीज़ से उसे लाभ में रहने की उम्मीद थी पर ऐसा नहीं हुआ। इसका एक कारण मैचों का दो से तीन दिन में समाप्त होना भी है जिससे खेल का रोमांच कम हुआ है। पहला टेस्ट पर्थ में दो दिन में समाप्त हो गया था जिससे सीए को 30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। क्योंकि इससे इससे टिकट बिक्री प्रभावित हुई थी। वहीं मेलबर्न क्रिकेट मैदान में खेला गया चौथा टेस्ट भी केवल दो दिनों में ही समाप्त हो गया। इसके बाद सीए को करीब 60.22 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बॉक्सिंग डे पर 94,199 दर्शक मैदान में आये थे। वहीं दूसरे 92,045 दर्शक थे। दूसरे दिन ही मैच समाप्त होने के कारण उसे तीसरे और चौथे दिन के टिकटों से मिलने वाली राशि का नुकसान हुआ। मैच जल्दी समाप्त होने के कारण सीए को सभी टिकटों का पैसा वापस लौटाना पड़ा। सीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने भी माना है कि मैच समय से पहले समाप्त होना नुकसानदेह साबित हो रहा है। उन्होंने कहा, एक प्रशंसक के तौर पर यह मैच जितना रोमांचक, आकर्षक और आनंददायक था, उतना ही हम चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट लंबे समय तक चले। छोटे टेस्ट से बोर्ड को आर्थिक नुकसान होता है।'

# सोना और चांदी में निवेश के लिए ईटीएफ बन रहे पसंदीदा विकल्पः विशेषज्ञ

**डिजिटल सोना सुविधाजनक है और कम राशि में निवेश संभव**

**नई दिल्ली ।**

इस साल सोने और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि देखने को मिली है। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना 76,772 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,39,890 रुपये हो गया, जबकि चांदी 87,300 रुपये प्रति किलो से 2,40,300 रुपये पर पहुंच गई। इससे निवेशकों में मूल्यवान धातुओं में निवेश का उत्साह बढ़ गया है।` विशेषज्ञों के अनुसार गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) निवेशकों के लिए सबसे सुविधाजनक विकल्प हैं। एक बाजार विशेषज्ञ ने बताया कि ईटीएफ में निवेश करने से सोना या चांदी रखने की झंझट नहीं होती और यह उच्च तरलता और कम लेन-देन शुल्क प्रदान करता है। ईटीएफ में कम इकाई मूल्य, रखरखाव की कोई लागत और शुद्धता की गारंटी भी उपलब्ध है। यदि निवेशक प्रत्यक्ष स्वामित्व को महत्व देते हैं, तो सोने और चांदी के सिक्के या बिस्कुट बेहतर विकल्प हैं। हालांकि, इसमें रखरखाव, बीमा लागत और



तरलता की कमी होती है। आभूषण निवेश करने योग्य नहीं माना जाता, क्योंकि इसमें बनाने का अतिरिक्त शुल्क लगता है। डिजिटल सोना सुविधाजनक है और कम राशि में निवेश संभव है, लेकिन यह सेबी द्वारा विनियमित नहीं है।

विश्लेषकों का कहना है कि निवेशकों को अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों, निवेश अवधि और जोखिम सहनशीलता के आधार पर विकल्प चुनना चाहिए। ईटीएफ, भौतिक धातु, वायदा- विकल्प या डिजिटल सोना–हर विकल्प के अपने फायदे और जोखिम हैं। विविध निवेश अपनाने से सुरक्षा, तरलता और वृद्धि क्षमता में संतुलन बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

# वॉरेन बफे की जिद ने बदल दिया निवेश की दुनिया का इतिहास



**- एक कमजोर टेक्सटाइल से ताकतवर होल्डिंग कंपनी बनने तक का सफर**

**नई दिल्ली ।**

सिर्फ 12 सेंट की रकम से शुरू हुई एक जिद ने निवेश की दुनिया का इतिहास बदल दिया। यह कहानी है दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे और उनकी कंपनी बर्कशायर हैथवे की, जिसकी आज वैल्यूएशन 900 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। साल 1964 में बर्कशायर हैथवे एक घाटे में चल रही टेक्सटाइल कंपनी थी। कपड़ा, ऊन और कॉटन का कारोबार करने वाली इस कंपनी के शेयर बेहद सस्ते थे। वॉरेन बफे ने इसमें मौका देखा और धीरे-धीरे शेयर खरीदकर करीब 7 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर ली। इसी दौरान कंपनी के सीईओ ने बफे को 11.50 डॉलर प्रति शेयर पर हिस्सेदारी वापस खरीदने का ऑफर दिया। बफे ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया, लेकिन जब कागजी प्रक्रिया पूरी हुई तो सीईओ ने कीमत 12.5 सेंट कम कर दी।

यही छोटा सा फर्क बफे के लिए अपमान बन गया। उन्होंने शेयर बेचने के बजाय और अधिक शेयर खरीदने का फैसला किया। एक साल से भी कम समय में उनकी हिस्सेदारी 43 फीसदी तक पहुंच गई और कंपनी पर उनका नियंत्रण हो गया। बफे ने सबसे पहले सीईओ को बाहर का रास्ता दिखाया। बाद में उन्होंने इस फैसले को अपनी सबसे बड़ी गलती भी माना। हालांकि, उन्होंने बर्कशायर हैथवे को एक होल्डिंग कंपनी के रूप में इस्तेमाल किया और इसके जरिए बीमा, बैंकिंग, रेलवे और बड़ी कंपनियों में निवेश शुरू किया। 1985 में टेक्सटाइल बिजनेस बंद हुआ और यहीं से असली बर्कशायर हैथवे की कहानी शुरू हुई, जो आज निवेश की दुनिया की सबसे बड़ी मिसाल बन चुकी है।


# अदाणी समूह रक्षा क्षेत्र में करेगा 1.8 लाख करोड़ का निवेश




**नई दिल्ली ।**

अदाणी समूह अगले साल रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.8 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रहा है। कंपनी का उद्देश्य मानवरहित प्रणालियों, उन्नत हथियारों और एआई आधारित बहु-क्षेत्रीय अभियानों में अपनी क्षमताओं को मजबूत करना है। इसके तहत अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 2025 में लंबी योजना प्रक्रियाओं से हटकर त्वरित तैनाती की दिशा में कदम बढ़ाया। कंपनी के कुछ सैन्य उपकरणों का उपयोग ऑपरेशन सिंदूर में भी किया गया। कंपनी का निवेश मुख्य रूप से मानवरहित और स्वायत्त प्रणालियों, उन्नत निर्देशित हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई आधारित बहु-क्षेत्रीय संचालन और रखरखाव, मरम्मत और प्रशिक्षण अवसंरचना पर केंद्रित रहेगा। स्वायत्त प्रणालियां हवा, समुद्र और जमीन तीनों क्षेत्रों में काम करती हैं और न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ संचालित होती हैं। इनसे सैन्य पहुंच बढ़ती है और सैनिकों के लिए जोखिम कम होता है। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 2025 में अपने कुछ उपकरणों को ऑपरेशन सिंदूर में तैनात किया। इसी वर्ष कंपनी के 'दृष्टि 10 यूएवी को लंबी अवधि के निगरानी और टोही मिशनों के लिए भारतीय नौसेना और थल सेना में शामिल किया गया। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस अब भारत की सबसे बड़ी एकीकृत निजी रक्षा कंपनी बन चुकी है। इसकी क्षमताओं में मानवरहित हवाई और जलीय प्रणालियां, प्रतिरोधी यूएएस समाधान, निर्देशित हथियार, छोटे हथियार और गोला-बारूद, विमान रखरखाव, मरम्मत और प्रशिक्षण शामिल हैं।

# रॉल्स-रॉयस भारत को बनाएगा तीसरा गृह बाजार, करेगी बड़ा निवेश




**जेट इंजन और नौसैनिक प्रणोदन कार्यक्रमों पर नजर**

**नई दिल्ली ।**

ब्रिटेन की एयरो-इंजन और उन्नत इंजीनियरिंग कंपनी रॉल्स-रॉयस भारत में बड़ा निवेश करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने कहा है कि भारत को वह ब्रिटेन के बाहर अपना तीसरा ÷गृह बाजार बनाने की योजना बना रही है। रॉल्स-रॉयस पहले ही अमेरिका और जर्मनी को अपने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजार के रूप में विकसित कर चुकी है। कंपनी की प्राथमिकता नई पीढ़ी के जेट इंजन को भारत में विकसित करना है, ताकि एएमसीए (उन्नत मध्यम युद्धक विमान) कार्यक्रम के तहत भारत में बनने वाले लड़ाकू विमानों को शक्ति दी जा सके। कंपनी भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। रॉल्स-रॉयस इलेक्ट्रिक प्रणोदन की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी और नौसैनिक प्रणोदन के लिए भारत में इंजन निर्माण की दिशा में योगदान देगी। कंपनी भारत में अपने प्रभावी निवेश पर नजर रखे हुए है। रॉल्स-रॉयस की योजना दो रक्षा पीएसयू के साथ दो समझौता ज्ञापनों को अंतिम रूप देने की है। इनमें पहला अर्जुन टैंक के लिए इंजन निर्माण से जुड़ा होगा, जबकि दूसरा भविष्य के युद्धक वाहनों के लिए इंजन उत्पादन से संबंधित है। रॉल्स-रॉयस अब केवल रक्षा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नौसैनिक प्रणोदन, थल प्रणालियों, विनिर्माण, उन्नत इंजीनियरिंग कौशल और प्रौद्योगिकी विकास तक अपने विस्तार की योजना बना रही है।

रॉल्स-रॉयस के अनुसार भारत में निवेश का अवसर इसलिए भी है क्योंकि देश के पास बड़ा पैमाना, स्पष्ट नीति और मजबूत रक्षा तथा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र है। कंपनी का उद्देश्य भारत को वैश्विक स्तर पर अपने रणनीतिक बाजारों में शामिल करना है।

# इस सप्ताह निवेशकों की नजर अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी

**औद्योगिक उत्पादन से लेकर वाहन बिक्री तक, निवेशकों की गतिविधियों पर रहेगी नजर**

**मुंबई ।**

देश के घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह तेजी देखने को मिली, लेकिन निवेशक अब अगले सप्ताह आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर अपनी नजरें गड़ाएंगे। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले सप्ताह में जारी होने वाले डेटा से शेयर बाजार की दिशा तय हो सकती है। आगामी सोमवार को औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे। यह आंकड़ा देश की विनिर्माण, खनन और उपयोगिता क्षेत्रों की गतिविधियों का महत्वपूर्ण संकेतक है। निवेशक और अर्थशास्त्री इसे अर्थव्यवस्था की स्वास्थ्य स्थिति जानने के लिए देखते हैं। उम्मीद से बेहतर आंकड़े बाजार में तेजी ला सकते हैं, जबकि कमजोर आंकड़े निवेशकों में सतर्कता पैदा कर सकते हैं। मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जारी होगा। पीएमआई उद्योगों की उत्पादन क्षमता, नए ऑर्डर और रोजगार की स्थिति का संकेत देता है। यदि पीएमआई 50 से ऊपर रहेगा, तो इसे आर्थिक विस्तार का संकेत माना जाएगा, वहीं 50 से नीचे आने पर आर्थिक गतिविधियों में धीमापन का अनुमान लगाया जाएगा। सप्ताह के दौरान वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी निवेशकों की नजर में रहेंगे। वाहन बिक्री में वृद्धि उपभोक्ता मांग और आर्थिक गतिविधियों की मजबूती को दर्शाती है। विशेषकर ऑटो और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों पर इसका सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले सप्ताह की तेजी के बाद निवेशक इन आंकड़ों को ध्यान से देखेंगे। मजबूत आंकड़े बाजार में और बढ़त ला सकते हैं, जबकि कमजोर आंकड़े सतर्कता बढ़ा सकते हैं।

# जीएमआर नया ताइफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए पात्र

**हैदराबाद ।**




सऊदी अरब के नेशनल सेंटर फॉर प्राइवेटाइजेशन एंड पीपीपी (एनसीपी) ने जीएमआर समूह को नया ताइफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए बोली लगाने की पात्रता प्रदान की है। इस परियोजना में बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड टेमासेक, तुर्की की टीएवी एयरपोर्ट्स, मादा इंटरनेशनल होल्डिंग, आयरलैंड की डीएए इंटरनेशनल और काल्योन इंसात गठजोड़ भी पात्र हैं। 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर की इस परियोजना को सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत बीटीओ अनुबंध के आधार पर 30 वर्ष की अवधि के लिए विकसित किया जाएगा। नया हवाई अड्डा आधुनिक वाणिज्यिक यात्री टर्मिनल, सहायक भवन, उपयोगिता नेटवर्क, कार पार्किंग और संपर्क सड़कें प्रदान करेगा। इसका लक्ष्य यात्री क्षमता और मांग के अनुसार उच्च स्तरीय संचालन सुनिश्चित करना है।




# शीर्ष 10 में सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 35,439 करोड़ घटा

**- भारतीय स्टेट बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ**

**नई दिल्ली ।** पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण थोड़ी हल्की कारोबार अवधि रही, लेकिन इस छोटे सप्ताह में शीर्ष 10 कंपे नियों में शामिल सात सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 35,439.36 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान हुआ। शीर्ष 10 में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस लाभ में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 12,692.1 करोड़ रुपये घटकर 8,92,046.88 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 8,254.81 करोड़ रुपये घटकर 21,09,712.48 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 5,102.43 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 6,22,124.01 करोड़ रुपये रह गया। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 10,126.81 करोड़ रुपये बढ़कर 15,26,765.44 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान इंफोसिस और भारती एयरटेल का मूल्यांकन भी बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही।

# रिलायंस को नये साल में वित्तीय विवाद सुलझने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बताया कि केजी डी6 ब्लॉक पर सरकार के साथ 24.7 करोड़ डॉलर के वित्तीय विवाद का मामला अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के अंतिम चरण में है। कंपनी का कहना है कि सभी खर्च प्रबंधन समिति की मंजूरी के साथ किए गए और सरकार ने किसी अनियमितता का आरोप नहीं लगाया। सरकार का कहना है कि कुछ खर्च लागत वसूली में शामिल नहीं हैं और इस पर विंडफॉल टैक्स की मांग की जा रही है।रिलायंस के अनुसार नई खनन नीति में ऑपरेटर पहले अपनी लागत वसूल करता है, उसके बाद ही सरकार को लाभ मिलता है। परियोजना में सरकार ने कोई प्रत्यक्ष निवेश नहीं किया, जबकि ऑपरेटर ने मुख्य जोखिम उठाया। गैस की बिक्री कम दाम पर हुई, जिससे देश को सस्ती गैस मिली और सब्सिडी पर खर्च कम हुआ। विवाद का निर्णय 2026 में संभव है।

# बैंक से लोन लेने पर 5 बातों का रखें ध्यान, नहीं होगा रिजेक्शन

**- सिबिल स्कोर बना है लोन मिलने की सबसे बड़ी चाबी**




**नई दिल्ली ।** आज के समय में घर खरीदना हो, बच्चों की पढ़ाई या कोई बड़ी जरूरत, लोन लेना आम हो गया है। लेकिन कई बार बैंक में आवेदन करने के बाद भी लोन रिजेक्ट हो जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह खराब सिबिल स्कोर होता है। अगर आप भी बिना परेशानी लोन पाना चाहते हैं, तो इन पांच जरूरी बातों को जरूर अपनाएं-

- 1. 700 से ऊपर रखें सिं बिल स्कोर- बैंक लोन देते समय सबसे पहले आपका क्रेडिट स्कोर देखते हैं। 300 से 900 के बीच आने वाले इस स्कोर में 700 से ऊपर का आंकड़ा सबसे सुरक्षित माना जाता है। अच्छा स्कोर बैंक का भरोसा बढ़ाता है।
- 2. ईएमआई समय पर चुकाना जरूरी- अगर होम लोन, पर्सनल लोन या क्रेडिट कार्ड की ईएमआई समय पर नहीं भरी जाती, तो इसका सीधा असरसिबिल स्कोर पर पड़ता है। नियमित भुगतान से स्कोर सुधरता है।
- 3. क्रेडिट कार्ड का सीमित उपयोग करें- क्रेडिट लिमिट का पूरा इस्तेमाल करने से बचें। बेहतर है कि 30 से 40 फीसदी लिमिट तक ही खर्च करें।
- 4. एक साथ कई लोन लेने से बचें- एक से ज्यादा लोन आपकी वित्तीय सेहत बिगाड़ सकते हैं। पहले पुराने कर्ज चुकाएं, फिर नया लोन लें।
- 5. जरूरत से ज्यादा कर्ज न लें- उतना ही लोन लें, जितना आसानी से चुका सकें और समय-समय पर अपनी क्रेडिट रिपोर्ट जांचते रहें।

# तेल-तिलहन बाजारः सरसों में गिरावट, सोयाबीन और पामतेल में उछाल


**- सरकार की पुरानी स्टॉक बिक्री और नई फसल की तैयारी के कारण बाजार में खरीदारी धीमी रही**

**नई दिल्ली ।**

देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह विविध रुझान देखने को मिले। सरसों तेल-तिलहन में गिरावट दर्ज की गई, जबकि सोयाबीन, पामतेल और पामोलीन तेल में सुधार आया। मूंगफली तेल-तिलहन स्थिर रहे और बिनौलातेल में हल्की वृद्धि देखी गई। विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति मौजूदा स्टॉक, एमएसपी, मांग और अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाजी के मिश्रित प्रभाव का परिणाम है। बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही। इसका मुख्य कारण पुरानी फसल की सरकारी बिक्री और स्टॉकिस्टों द्वारा बाजार में उतारा गया स्टॉक है। हाजिर दाम एमएसपी से 7-8 प्रतिशत अधिक है। नई फसल जल्द बाजार में आने वाली है, जिससे भाव पर दबाव बना रह सकता है। वहीं सोयाबीन तेल के दाम में पिछले सप्ताह की तुलना में सुधार आया। सर्दियों में डी-आयल्ड केक की मांग बढ़ी और सूरजमुखी तेल की तुलना में सोयाबीन तेल सस्ता होने के कारण स्थानीय खरीद बढ़ी। हालांकि एमएसपी के हिसाब से दाम अभी भी कमजोर हैं और बाजार एमएसपी पर नहीं खड़ा है। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। बिनौला तेल में हल्की वृद्धि देखी गई, मुख्य कारण हल्की मांग और नमकीन बनाने वाली कंपनियों की खरीद रही। बीते सप्ताह सरसों दाना 75 रुपये की गिरावट के साथ 6,900-6,950 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 225 रुपये की गिरावट के साथ 14,250 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,390-2,490 रुपये और 2,390-2,535 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 100-100 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 4,800-4,850 रुपये और 4,500-4,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

दिल्ली में सोयाबीन तेल 125 रुपये के सुधार के साथ 13,550 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 125 रुपये के सुधार के साथ 13,150 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 135 रुपये के सुधार के साथ 10,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में स्थिरता देखने को मिली। मूंगफली तिलहन 6,450-6,825 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 15,500 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,485-2,785 रुपये प्रति टिन के पूर्व सप्ताहांत के भाव पर स्थिर बने रहे। दूसरी ओर सीपीओ तेल का दाम 175 रुपये के सुधार के साथ 11,375 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 100 रुपये के सुधार के साथ 13,100 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 100 रुपये के सुधार के साथ 12,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बिनौला तेल के दाम भी 75 रुपये सुधार के साथ 12,275 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर बंद हुए।

# किसानों को जल्द मिलेगी पीएम किसान योजना की 22वीं किस्त



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) भारत के छोटे और सीमांत किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण कल्याण योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत सरकार सीधे किसानों के बैंक खातों में वित्तीय सहायता भेजती है, जिससे बिचौलियों की भागीदारी खत्म होती है और पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। देशभर के पात्र किसान अब 22वीं किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हर किस्त में सरकार हजारों करोड़ रुपये जारी करती है, जो किसानों को कृषि में निवेश करने और जीवन यापन में मदद करती है। केंद्र सरकार प्रतिवर्ष इस योजना के लिए बजट आवंटित करती है। आगामी वित्तीय वर्ष का बजट 1 फरवरी 2026 को पेश किया जाएगा। कृषि मंत्रालय इस बजट में योजना के लिए नए निर्णय और संभावित वृद्धि की घोषणा कर सकता है। पीएम-` किसान योजना देशभर के किसानों में अत्यधिक लोकप्रिय है और छोटे किसानों के लिए यह एक वरदान साबित हुई है। किसानों की नजर अब अगले बजट और 22वीं किस्त की तारीख पर टिकी हुई है।

# कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियां 2030 तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होंगी


**- लक्ष्य प्रशासन सुधार, पारदर्शिता और परिसंपत्ति मौद्रिकरण के जरिए मूल्य सृजन**

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कोयला मंत्रालय को निर्देश दिया है कि सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी अनुषंगी कंपनियों को 2030 तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जाए। इस कदम का उद्देश्य कंपनी के प्रशासन को सुव्यवस्थित करना, पारदर्शिता बढ़ाना और परिसंपत्ति मौद्रिकरण के जरिए मूल्य सृजन करना है। सीआइएल देश के कुल घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देती है। कंपनी अपनी आठ अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से काम करती है, जिनमें ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड शामिल हैं। सूचीबद्ध करने की प्राथमिकता के तहत बीसीसीएल और सीएमपीडीआई को मार्च 2026 तक लिस्टिंग कराने की योजना है। बीसीसीएल के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रोडशो पूरे हो चुके हैं और प्रक्रिया बिना किसी देरी के पूरी गति से चल रही है। इस योजना से सीआईएल की संचालन क्षमता मजबूत होगी और निवेशकों के लिए नए अवसर पैदा होंगे।




# स्टीव वॉजनिएक- एप्पल की नींव रखने वाले शांत और उदार इंजीनियर

**नई दिल्ली ।** स्टीव जॉब्स के नाम से एप्पल प्रसिद्ध है, लेकिन इसके असली निर्माता स्टीव वॉजनिएक थे। वे तकनीक को लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए बनाते थे और दौलत या शोहरत के पीछे नहीं भागे। बचपन में ही वॉजनिएक टीवी और रेडियो खोलकर समझते थे कि ये कैसे काम करते हैं। घर पर खुद कंप्यूटर बनाना उनका शौक बन गया। 975 में एलटेयर 8800 से प्रेरित होकर उन्होंने एप्पल बनाया। स्टीव जॉब्स ने इसकी क्षमता देखी और दोनों ने कैलिफोर्निया के एक छोटे गैराज में मिलकर एप्पल की नींव रखी। वॉजनिएक ने दौलत समेटने के बजाय बच्चों को कोडिंग सिखाना चुना और अपने कई एप्पल शेयर उन कर्मचारियों को दे दिए, जिनके पास कुछ नहीं था। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने इतना सब क्यों दान कर दिया, तो उनका जवाब था, यह सही लगा। मैं चाहता था कि सफलता सबके साथ बांटी जाए। वॉजनिएक दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल हो सकते थे, लेकिन उन्होंने सबसे उदार इंसान बनना चुना, जहां स्टीव जॉब्स ने डिजाइन में परफेक्शन खोजा, वहीं स्टीव वॉजनिएक ने उदारता में। आज भी वॉजनिएक दौलत या शोहरत की बात नहीं करते। वे शिक्षा, रचनात्मकता और सादगी की बात करते हैं।



# धुरंधर की सफलता के बीच अक्षय खन्ना ने छोड़ी दृश्यम 3

बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेता अक्षय खन्ना इन दिनों धुरंधर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में रिलीज हुई स्पाई थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई कर न सिर्फ निर्माताओं को मालामाल किया, बल्कि अक्षय खन्ना को भी एक बार फिर इंडस्ट्री के सबसे दमदार कलाकारों की कतार में खड़ा कर दिया। रणवीर सिंह जैसे सुपरस्टार्स के बीच भी अक्षय का किरदार चर्चा का केंद्र बना हुआ है। फिल्म में उनके एंट्री सीन से लेकर उनके अंदाज और स्क्रीन प्रेजेंस तक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

दरअसल एक्स पर बॉलीवुड मशीन नाम के पेज ने दावा किया है कि अक्षय ने दृश्यम 3 छोड़ दी है जिसकी वजह है उनको मिलने वाला पैसा और अपने किरदार को लेकर मतभेद। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता के बाद अक्षय खन्ना ने अपनी फीस में बढ़ोतरी की मांग की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने किरदार के लुक को लेकर भी कुछ अहम बदलाव चाहें। माना जा रहा है कि इन्हीं मांगों को लेकर निर्माता पक्ष के साथ बातचीत अटक गई और बात यहां तक पहुंच गई कि एक्टर ने फिल्म से दूरी बना ली।

इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने अक्षय खन्ना के फैसले को सही ठहराया। उनका कहना है कि जिस अभिनेता ने हालिया ब्लॉकबस्टर में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई हो, उसकी वैल्यू बढ़ना स्वाभाविक है। वहीं कुछ फैंस इस खबर से मायूस भी नजर आए, क्योंकि वे 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में अक्षय खन्ना को एक बार फिर देखना चाहते थे। कई यूजर्स ने यह भी लिखा कि अक्षय जैसे कलाकार को और ज्यादा मजबूत और चुनौतीपूर्ण किरदार मिलने चाहिए। दिलचस्प बात यह है कि सूत्रों के अनुसार, बातचीत अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। मेकर्स और अक्षय खन्ना के बीच चर्चा जारी बताई जा रही है। ऐसे में यह कहना जल्दबाजी होगी कि अभिनेता वाकई 'दृश्यम 3' से बाहर हो चुके हैं या आने वाले दिनों में कोई बीच का रास्ता निकल आएगा।



# प्रतीक बब्बर के साथ स्क्रीन शेयर करना मजेदार रहा


पॉपुलर वेब सीरीज फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे और अंतिम सीजन में एक्ट्रेस प्रिया बनर्जी ने अपने पति प्रतीक बब्बर के साथ स्पेशल कैमियो किया है। यह शादी के बाद कपल का पहला ऑन-स्क्रीन कोलैबोरेशन है। प्रिया ने बात करते हुए इस अनुभव को मजेदार बताया। प्रिया ने कहा, प्रतीक के साथ जिंदगी का नया चैप्टर शुरू करने के बाद स्क्रीन शेयर करना काफी खास लगा। शादी की तस्वीरें वायरल होने के बाद मेकर्स ने इस छोटे कैमियो के लिए उनसे संपर्क किया था। प्रिया ने बताया, प्रतीक चाहता था कि मैं यह प्रोजेक्ट करूं, क्योंकि यह उनके सबसे पसंदीदा शो में से एक है। यह फैसला भी मैंने अचानक से लिया। मैंने सच में यह सिर्फ मजे और उनके साथ उस पल को स्क्रीन पर शेयर करने की खुशी के लिए किया। फोर मोर शॉट्स प्लीज का चौथा सीजन हाल ही में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ है, जो सीरीज का फाइनल सीजन है। इसमें मुख्य किरदारों के साथ प्रतीक अहम भूमिका में हैं, जबकि प्रिया का कैमियो दर्शकों के लिए सरप्राइज है। यह सीरीज चार महिलाओं की जिंदगी, दोस्ती, प्यार और चुनौतियों पर आधारित है।

प्रिया इससे पहले भी प्रतीक के साथ काम कर चुकी हैं। इसी साल अक्टूबर में



प्रतीक और प्रिया ने एक फैशन इवेंट में शानदार सफेद आउटफिट्स में साथ रैंप वॉक किया था। जब उनसे पूछा गया कि पत्नी के साथ या किसी दूसरी एक्ट्रेस के साथ रैंप वॉक ज्यादा मजेदार लगता है, तो प्रतीक ने बताया था कि प्रिया के साथ रैंप पर चलना उन्हें आत्मविश्वास के साथ खुशी भी देता है, जो किसी और के साथ नहीं मिलती। प्रिया और प्रतीक ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में घर पर शादी की थी। कपल ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कर प्रशंसकों को जानकारी दी थी।

# फिल्म बॉर्डर 2 के लिए अहान शेट्टी ने जमकर बहाया पसीना



फिल्म बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज हो चुका है और इसके रिलीज के बाद से ही अहान शेट्टी चर्चा के केंद्र में हैं। फिल्म के टीजर से यह साफ है कि यह फिल्म सिर्फ एक सीक्वल नहीं, बल्कि एक नए दौर के एक्शन हीरो की दस्तक है। इसमें अहान शेट्टी की मौजूदगी पहली ही झलक में असर डालती है।

फिल्म के टीजर में उनकी लंबी कद-काठी, भारी आवाज और स्क्रीन पर ठहराव से वो दर्शकों को प्रभावित करते हुए नजर आ रहे हैं, हालांकि ये सिर्फ लुक्स का नतीजा नहीं है। बॉर्डर 2 के लिए अहान ने महीनों तक सख्त अनुशासन में खुद को ढाला। उन्होंने फंक्शनल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, खेलों के जरिए स्टैमिना बढ़ाया और आधुनिक रिकवरी तकनीकों को अपनाया। फिल्म में सैनिक का किरदार निभाने के लिए अहान ने कड़ी ट्रेनिंग का सहारा लिया है। फिल्म में अपने किरदार पर बात करते हुए अहान ने कहा, सेना की वर्दी पहनना सिर्फ एक रोल नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। उनके लिए 'बॉर्डर 2' किसी करियर माइलस्टोन से ज्यादा, उन असली सैनिकों को सलाम है जो देश के लिए यह वर्दी पहनते हैं। अहान की फिल्म के टीजर में दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने न सिर्फ दर्शकों का ध्यान खींचा है, बल्कि यह साफ कर दिया है कि बॉलीवुड की एक्शन थ्रिलर के नए सुपरस्टार अब आ चुके हैं।

# धुरंधर में अपने भयानक किरदार को लेकर क्या सोचते हैं अर्जुन

आदित्य धर की फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो चुकी है। रणवीर सिंह की अदाकारी वाली इस फिल्म में अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन जैसे दमदार कलाकार नजर आ रहे हैं। अपनी मजबूत कहानी, जबरदस्त अभिनय और बेहतरीन म्यूजिक की वजह से इसे पूरे देश में दर्शकों का प्यार मिल रहा है।

## धुरंधर में अर्जुन रामपाल की भूमिका

फिल्म में अर्जुन रामपाल ने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है, जो एक निर्दयी आईएसआई मास्टरमाइंड है। उनके इस रोल को लेकर काफी तारीफ हो रही है। ग्रेजिया इंडिया से बातचीत में अर्जुन रामपाल ने बताया कि इस तरह का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से काफी मुश्किल था। वह शूटिंग खत्म होते ही इस रोल से बाहर आना चाहते थे।

## किरदार से बाहर आना चाहते थे अर्जुन रामपाल

अर्जुन रामपाल ने कहा मैं इस किरदार से जितनी जल्दी हो सके बाहर निकलना चाहता था। यह फिल्म करना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि यह एक अहम कहानी पर बनी है। किसी घटना को बाहर से देखना अलग बात है, लेकिन पर्दे के पीछे क्या हुआ, उसे दिखाना ज्यादा रोमांचक होता है। शूटिंग के दौरान मुझे बहुत बुरा लगता था क्योंकि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं, लेकिन यही एक अभिनेता का काम होता है और उसे उस किरदार में पूरी तरह उतरना पड़ता है।





# सलमान खान के साथ काम करने पर बोलीं चित्रांगदा सिंह

नेटफिलक्स पर रिलीज हुई रात अकेली है- द बंसल मर्डर्स सोशल मीडिया पर छा चुकी है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सिंह की एक्टिंग को बहुत सराहा जा रहा है। अब अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार और सलमान खान के साथ आने वाली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर भी जानकारी शेयर की है। अपने किरदार और फिल्म पर बात करते हुए चित्रांगदा सिंह ने कहा कि फिल्म में उनके किरदार में दुख है, टेंशन है, सस्पेंस है, और पावर भी है। एक ही समय पर एक किरदार अलग-अलग इमोशंस से जूझ रहा है, और मेरे लिए एक एक्ट्रेस होने के नाते, मुझे इस किरदार के जरिए अपनी कला को दिखाने का मौका मिला है।



अपनी फिल्म को मिल रही तारीफ को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि ये दर्शकों का प्यार और हमारी टीम की मेहनत है, जहां दर्शकों ने हर किरदार को प्यार दिया है। मैं सबसे ज्यादा श्रेय राइटर्स को दूंगी, क्योंकि उन्होंने एक-एक लाइन को ऐसा लिखा है कि कुछ बदलाव करने की जरूरत ही नहीं थी और फिल्म थ्रिलर थी, तो किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट भी नहीं कर सकते हैं। राइटर्स ने एक-एक डायलॉग को बहुत अच्छे से लिखा है, जिसने कहानी को अच्छे से आगे बढ़ाया है। हाउसफुल 5 और रात अकेली है की शूटिंग करते वक्त अपने इमोशंस और किरदार पर पकड़ बनाने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि ये हो जाता है, क्योंकि सेट पर जो वाइब होती है, वह आपको किरदार में ढलने में मदद करती है और इससे परफॉर्मेंस पर भी फर्क पड़ता है। मुझे बहुत मजा आ रहा था कि एक साथ दो अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिला।

सलमान खान के साथ फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में काम करने के अनुभव पर अभिनेत्री ने कहा, गलवान फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं है, ये एक इमोशन है क्योंकि फिल्म में मसाला देखने को नहीं मिलेगा। फिल्म में कई ऐसे सीन्स हैं जो आपको इमोशनल कर देंगे। ये एक कमर्शियल फिल्म है और उम्मीद है कि इससे मेरा करियर और बेहतर होगा। उन्होंने ये भी बताया कि वे गलवान के साथ-साथ एक स्पोर्ट्स बायोपिक को भी प्रोड्यूस कर रही हैं, लेकिन फिल्म के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।



# गिफ्ट के नाम पर मुझे तलाक का नोटिस मिला

**बीते दिनों जब सेलिना जेटली भारत लौटीं, तो उन्होंने कहा, मैंने खुद को, अपने सम्मान और स्वाभिमान को बचाया था। साल 2010 में उनकी शादी हुई थी और उसके बाद से ही वह ऑस्ट्रिया में रह रही थीं, अब निजी जिंदगी के बुरे अनुभव के बाद वह मुंबई लौटी हैं। उन्होंने अपने पति पीटर हाग के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस दर्ज करवाया है। इसके अलावा वह 2024 से ही काफी परेशानियों का सामना कर रही हैं।**

**आप सोशल मीडिया पर अपने बच्चों विंस्टन, विराज, आर्थर के साथ मजेदार विडियो शेयर करती थीं। हालांकि अब लगता है कि कहानी उतनी अच्छी नहीं है। आपने हाल ही में माना था कि सालों से आपकी शादीशुदा जिंदगी में दरार थी। आप कितने समय से इस नाखुश शादी में जी रही हैं?**

सोशल मीडिया पर जो नजर आता है वो असल जिंदगी का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा होता है। दुनिया को पता चलने से पहले ही मैं कई सालों से इस खराब शादी से जूझ रही थी। बाकी महिलाओं की तरह ही मैंने भी अपने बच्चों की वजह से चीजों को सामान्य बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन निजी तौर पर मैं बहुत मुश्किल चीजों का सामना कर रही थी।

**क्या आपको इस बात का पछतावा होता है कि आप इतने साल तक इस बुरे रिश्ते में क्यों थीं, और क्या आपको लगता है कि आपको पहले ही भारत वापस आ जाना चाहिए था?**

मुझे अपने परिवार को एक साथ रखने की किसी भी कोशिश का कोई पछतावा नहीं है। अपने माता-पिता को खोने के बाद, दूर जाने या खुद के लिए खड़े होना, जैसी चीजों के लिए भी मैं असुरक्षित महसूस करने लगी थी। मैं पहले ही अपने भावनात्मक रूप से सहारा देने वाले अपने करीबी लोगों को खो चुकी थी, और मुझे सब कुछ खोने का डर रहता था, खासतौर पर अपनी फाइनेंशियल आजादी और अपने बच्चे। मुझे अपने बच्चों को अपना एक घर देना था, जिस कल्चर में वह पले-बढ़े थे, उसका सम्मान बरकरार रखना था। इसके साथ ही मुझे ये जिम्मेदारी भी महसूस हुई कि उन्हें अचानक से ऐसे माहौल से दूर ना किया जाए जहां वह घर जैसा फील करते थे, जिनमें उनका स्कूल, रूटीन और उनकी पूरी दुनिया बसी हुई थी। मुझे खुद को सुरक्षित करने के बारे में तभी सोच सकती थी, जब मैं खुद को इन सब चीजों से सिक्योर कर पाती।

**आपके भाई मेजर (सेवानिवृत्त) विक्रांत कुमार जेटली, सितंबर से अबू धाबी में हिरासत में हैं। क्या उन्हें वहां से निकालने की इस लड़ाई में आप अकेली रही हैं? इस मामले में क्या कुछ चल रहा है? आपने आखिरी बार उनसे कब बात की थी?**

मैं पूरी तरह से अकेली नहीं हूं, लेकिन मैं कानूनी और कूटनीतिक रास्ते को लेकर लगातार हर संभव कोशिश कर रही हूं। मामला काफी सेंसटिव है, और अभी भी चल ही रहा है और इस बारे में जानकारी को लेकर भी मुझे सतर्क रहना होगा। मेरे भाई के साथ मुझे संपर्क करने की पूरी आजादी न होना, मेरे लिए सबसे तकलीफ देने वाले पहलुओं में से एक है।

**क्या आप भारत में एक नई जिंदगी की शुरुआत करने के लिए आई हैं?**

मेरा भारत आना कोई विकल्प नहीं था, बल्कि मेरे लिए जरूरी था। मैं खुद को, अपने सम्मान और स्वाभिमान को बचाना चाहती थी। गिफ्ट के नाम पर मुझे तलाक का नोटिस मिलने के बाद, मुझे ये जानकर गहरा सदमा लगा कि शादी होने के बाद भी मेरी आजादी को छीने जाने की और कोशिशें की जा रहीं थीं। अपने होम ग्राउंड पर वापसी से मुझे मजबूती से खड़े होने, सिर ऊंचा करके लड़ाई लड़ने और अपनी आवाज को वापस पाने का मौका मिला है।

**क्या आप एक्टिंग में कमबैक का प्लान बना रही हैं?**

मेरा काम सिर्फ एक प्रोफेशन नहीं है, यह एक्सप्रेशन का एक तरीका है। मेरा काम ही है जो मुझ इमोशनली, फाइनेंशियली, साइकोलॉजिकली और दूसरे कई तरीकों से बचा रहा है। इसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। यह मेरे काम और मकसद को जिंदा रखता है।

**आप पिछले कुछ साल से मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। इन अनुभवों ने कैसे आपके अंदर छुपी ताकत और खुद की कीमत पहचानने जैसी चीजों के लिए समझ को कैसे बदला है?**

पिछले कुछ साल ने मुझसे वो सब छीन लिया जो बाहर से दिखता था। मुझे यह देखने के लिए मजबूर किया कि मैं असल में कौन हूं। मैंने सीखा है कि अंदर की ताकत शांत और बनी रहती है, वो दिखावा नहीं करती। आज मेरी अपनी खुद की वैल्यू ये है कि मैं अपने लिए, अपने बच्चों और परिवार की वैल्यूज के लिए तब भी खड़ी रहूं, जब बहुत वहां खड़ा होना मुश्किल और डरावना हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in